चूंकि श्री श्रवण कुमार सैन पुत्र श्री जवाहर लाल सैन निवासी नाइयों का मोहल्ला, जैतपुरा चौमूं अनतपुरा जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत आर्यावर्त योग पीठ कार्यालय पता ए-13, ओम भवन, श्रीराम विहार, कॉलोनी, ग्राम पोस्ट जेतपुरा, तहसील चौमूं, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 28.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 05.02.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 393/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री [illegible] पुत्र श्री बिहारी लाल [illegible] ए.बी.सी., जी.एस. रोड दिसपुर, कामरूप मेट्रो, असम-781005 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत [illegible] फाउण्डेशन कार्यालय पता [illegible] प्लॉट नं. 9-ए [illegible] के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 28.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 05.02.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(नन्दपुरी रेल्वे अण्डरपास के पास, जगतपुरा, जयपुर)
क्रमांक :– जसअ/2024–25/196 दिनांक: 03.12.2024
ई–निविदा सूचना संख्या – 22 से 24/2024–25
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपर्युक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता जगतपुरा जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व ड़ाउनलोड़ की जा सकती है। उक्त निविदाओं को (sppp.rajasthan.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है। (UBN NO. –JMC2425WS0B00994 To JMC2425WSOB00996)
अधिशाषी अभियन्ता
जगतपुरा जोन
नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
राज.संवाद/सी/24/8678

पावरग्रिड POWERGRID
सूचना
1. सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियमावली, 1999 तथा सीईआरसी (टैरिफ की शर्तें और नियम) विनियमावली, 2019 के विनियम–86 के तहत अनुमोदन i) 2019.24 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का यथार्थीकरण और ii) निम्न याचिकाओं के संबंध में 2024-29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का निर्धारण **याचिका–1:** उत्तरी क्षेत्र में नालागढ़ और लखनऊ में STATCOM का प्रावधान, **याचिका–2:** छत्तीसगढ़ में आईपीपी'ज के लिए डब्ल्यूआर–एनआर ट्रांसमिशन कॉरिडोर में ट्रांसमिशन सिस्टम को मजबूत करना, **याचिका–3:** ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर: अंतर–राज्यीय ट्रांसमिशन योजना (आईएसटीएस)–भाग–क, **याचिका–4:** ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर: अंतर–राज्यीय ट्रांसमिशन योजना (आईएसटीएस)–भाग–घ, **याचिका–5:** डब्ल्यूआर और एनआर में अंतर–क्षेत्रीय प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना (भाग–ख), **याचिका–6:** कोटेश्वर एचईपी से जुड़ी ट्रांसमिशन प्रणाली, **याचिका–7:** उत्तरी क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना XXXIV, **याचिका–8:** उत्तरी क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण-XLI (एनआरएसएस–XLI)।
2. उपरोक्त ट्रांसमिशन प्रणालियों के लाभार्थी हैं : (ए) एवीवीएनएल (बी) जेवीवीएनएल (सी) जोधपुर वीवीएनएल (डी) पीएसईसीएल (ई) एचपीपीसी (एफ) जेकेपीसीएल (जी) यूपीपीसीएल (एच) बीवाईपीएल (आई) बीआरपीएल (जे) टीपीडीडीएल (के) चंडीगढ़ बिजली विभाग (एल) यूपीसीएल (एम) एनसीआर (एन) एनडीएमसी (ओ) एचपीएसईबी (क्यू) एमपीपीएमसीएल (आर) एमएसईडीसीएल (एस) जीयूवीएनएल (टी) बिजली विभाग, गोवा (यू) डीएनएच और डीडी पीसीएल (वी) सीएसपीडीसीएल (डब्ल्यू) एनटीपीसी लिमिटेड (एक्स) माइट्रा एनर्जी (इंडिया) लिमिटेड (वाई) सुजलॉन पावर इंफ्रास्ट्रक्चर (जेड) बेतम विंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (एए) ग्रीन इंफ्रा रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एबी) ऑरेंज सिरोंज विंड पावर प्राइवेट लिमिटेड (एसी) टीएनजीईडीसीओ (एडी) केएसईबी (एई) बिजली विभाग, पुडुचेरी (एएफ) एपीईपीडीसीएल (एजी) एपीएसपीडीसीएल (एएच) एपीसीपीडीसीएल (एआई) टीएसएसपीडीसीएल (एजे) टीएसएनपीडीसीएल (एके) बीईएससीओएम (एएल) जीईएससीओएम (एएम) एचईएससीओएम (एएन) एमईएससीओएम (एओ) सीईएससी (एपी) सीटीयूआईएल।
3. टैरिफ विवरण :
क) 2019–24 ब्लॉक ₹ लाख में

याचिका सं.	आस्ति विवरण	डीओसीओ/ईसीओडी/नोशनल	31.03.2024 के अनुसार परिपूर्णन लागत	2019-20 (यथार्थीकरण पर आधारित संशोधित एएफसी)	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
याचिका-1	आस्ति–I	31.03.2019	16568.27	2628.81	2687.94	2694.07	2746.18	2765.13
	आस्ति–II	25.12.2020	20871.00	0.00	956.61	3619.02	3677.62	3706.84
याचिका-2	आस्ति–1	11.12.2017	28679.49	4670.10	4566.05	4457.46	4403.00	4350.97
	आस्ति–2	05.10.2019	217622.10	13714.87	27283.98	27344.37	30778.12	33327.77
	आस्ति–3	30.03.2020	142463.31	105.32	18525.16	18287.63	20493.21	22459.60
याचिका-3	संयुक्त आस्ति (आस्ति–I से आस्ति–III)	02.02.2018	106495.11	17906.16	18153.01	18161.78	18201.39	18297.39
	आस्ति–IV)	10.06.2018	8895.55	1627.38	1640.22	1648.10	1655.28	1665.83
याचिका-4	आस्ति–I	07.07.2019	147242.39	15983.63	20976.26	20811.83	22746.80	24471.65
	आस्ति–II	11.03.2020	171104.08	1299.63	22393.26	22659.03	24670.60	26480.07
याचिका-5	संयुक्त आस्ति	02.04.2018	468975.64	73117.25	70838.38	69302.22	70079.27	70585.65
याचिका-6	संयुक्त आस्ति	24.06.2011	22039.77	3265.87	3163.11	3061.47	2959.23	2834.38
याचिका-7	संयुक्त आस्ति (सिवाय आस्ति–7)	18.12.2017	13622.32	2562.51	2560.60	2572.39	2579.09	2569.08
	आस्ति–7	24.11.2017	770.27	171.58	168.46	167.71	168.22	167.81
याचिका-8	आस्ति–1	12.05.2022	1744.17	0.00	0.00	0.00	257.70	322.72

ख) 2024-29 ब्लॉक ₹ लाख में

याचिका सं.	आस्ति विवरण	31.03.2029 के अनुसार परिपूर्णन लागत	2024-25 (वार्षिक नियत प्रभार (एएफसी))	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29
याचिका-1	संयुक्त आस्ति	39733.89	6310.75	6360.66	6310.53	6103.05	5906.48
याचिका-2	आस्ति–1	29174.75	4272.43	4211.23	4102.91	3909.98	3774.88
	संयुक्त आस्ति (आस्ति–2 एवं 3)	385902.79	57346.25	58151.33	56834.3	55505.25	54064.57
याचिका-3	संयुक्त आस्ति (आस्ति-I से आस्ति-III)	106495.11	16302.29	16193.42	16118.84	16060.21	16026.58
	आस्ति–IV)	8895.55	1472.87	1470.68	1469.18	1468.77	1470.81
याचिका-4	संयुक्त आस्ति	321746.17	49754.16	48808.71	47900.22	46896.28	45435.72
याचिका-5	संयुक्त आस्ति	470479.07	69275.66	67559.89	65741.66	63874.14	62029.91
याचिका-6	संयुक्त आस्ति	22039.77	1905.04	1887.32	1871.86	1872.17	1886.46
याचिका-7	संयुक्त आस्ति	14467.98	2525.98	2470.30	2420.79	2373.57	2333.84
याचिका-8	आस्ति –1	1751.59	307.30	302.16	298.93	296.89	291.56

4. इस सूचना और टैरिफ के निर्धारण हेतु किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर प्रकाशित की गई है।
5. आवेदन में दिए गए टैरिफ के निर्धारण हेतु प्रस्तावों के संबंध में सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हो, तो लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सचिव, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, छठा, 7वां एवं 8वां तल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 (अथवा अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) को तथा उसकी एक प्रति आवेदक को इसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर प्रेषित की जानी चाहिए।
स्थान : गुड़गांव हस्ता./–
दिनांक : 28.11.2024 वरि. महाप्रबंधक (आरसी)
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी–9, कुतब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016
कॉर्पोरेट कार्यालय: "सौदामिनी", प्लाट नंबर 2, सेक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा–122001
वेबसाइट: www.powergrid.in, सीआईएन: एल40101डीएल1989जीओआई038121
एक महारत्न पीएसयू
PG/CC/Notice-1444/Advt-182/2024-25/Sanket

खाप पंचायत के फैसले के खिलाफ भूख हड़ताल

कलेक्ट्री के बाहर मां-बेटे भूख हड़ताल पर बैठे

गंगापुर सिटी (निस)। प्रशासन द्वारा हाई कोर्ट के आदेशों की पालना नहीं करवाने पर नादौती उपखंड के मेढे का पुरा निवासी एक व्यक्ति अपनी मां के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट के सामने भूख हड़ताल पर बैठ गया। उसका कहना है कि उसके व उसके परिवार के सामने भूखे मरने की नौबत आ रही है।

पीड़ित रामप्रताप ने बताया कि सामाजिक बहिष्कार से संबंधित खाप पंचायत के फैसले के खिलाफ दिए गए हाई कोर्ट के आदेश की पालना करवाने की कलेक्टर से कई बार गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीडित ने बताया कि पिछले दिनों उसके खिलाफ समाज की खाप पंचायत ने फैसला सुनाते हुए उसका सामाजिक बहिष्कार कर रखा है। इसके चलते न तो वह किसी धार्मिक स्थान पर जा पा रहा है और न ही खेती कर पा रहा है। अब उसके व उसके परिवार के सामने भूखे मरने की नौबत आ रही है।

गंगापुर कलेक्ट्रेट के बाहर मां-बेटे ने भूख हड़ताल की ।

- **पिछले दिनों उसके खिलाफ समाज की खाप पंचायत ने फैसला सुनाते हुए उसका सामाजिक बहिष्कार कर रखा है**

खाप पंचायत के फैसले के खिलाफ उसने हाई कोर्ट में याचिका लगाई जिस पर कोर्ट ने उसके पक्ष में फैसला दिया, लेकिन बार-बार आग्रह करने के बाद भी प्रशासन फैसले की पालना सुनिश्चित नहीं करवा पा रहा है, जिससे उसे बहुत परेशानी हो रही है। पूर्व में प्रशासन को कोर्ट के आदेशों की पालना करवाने के लिए गुहार लगाई थी, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण उसे मजबूरन भूख हडताल पर बैठना पड रहा है।

सियार ने बच्चों पर हमला किया

कोटा, (निसं)। जिले के इटावा में सियार ने बच्चों पर हमला कर दिया। यह घटनाक्रम मंगलवार रात को वार्ड नंबर चार में हुआ। यहां पर बच्चे अलाव ताप रहे थे इस दौरान अचानक सियार वहां पहुंच गया और उसने बच्चों पर हमला कर दिया। इसमें दो बच्चे घायल हो गए। सियार के हमले के बाद बच्चों का शोरगुल सुनकर उनके परिजन और आस-पड़ोस के लोग वहां पहुंचे और डंडे से मारकर सियार को भगा दिया।

इसके बाद लहूलुहान हालत में दोनों बच्चों को इटावा अस्पताल ले जाया गया। यहां पर उपचार कर उन्हें रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैली हुई है।कोटा रोड बाईपास पर वार्ड नंबर 4 स्थित ईदगाह के पास रहने वाले सोनू आर्य ने बताया कि उनका बेटा 10 वर्षीय युवराज और पड़ोस में रहने वाला 12 वर्षीय भगवती शर्मा सहित अन्य बच्चें आग जलाकर बैठे हुए थे। अचानक 9.30 बजे के करीब एक सियार ने उन पर हमला कर दिया। बच्चे कुछ समझ पाते उससे पहले सियार ने उन्हें जख्मी कर दिया। सोनू आर्य का कहना है कि इससे पहले भी इस इलाके में कई बार सियार की आवाजाही रही है। इटावा कस्बे में भी कई बार सियार देखे जा चुके हैं। नजदीक के जंगल कटने से भोजन की तलाश में शहर की तरफ आने लगे हैं।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

अजमेर (कासं)। नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पॉक्सो कोर्ट संख्या-1 ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मसूदा थाना क्षेत्र में दर्ज इस मामले में आरोपी भूपेंद्र उर्फ बंटी को दोषी ठहराया गया है। न्यायाधीश ने आरोपी को 1 लाख 60 हजार रुपए के आर्थिक दंड से भी दंडित किया है। वहीं इस मामले में आरोपी की फरार पत्नी को मफरूर घोषित कर उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किए हैं।

- **आरोपी की फरार पत्नी को अदालत ने किया मफरूर घोषित, जारी किए स्थाई वारंट**

सरकारी वकील ने बताया कि परिवादी ने 3 अक्टूबर 2022 को मसूदा थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी दस वर्षीय नाबालिग पुत्री दिन में दोपहर करीब दो बजे शौच के लिए खेत में गई थी। काफी देर इंतजार करने के बाद जब वह नहीं लौटी तो गांव में तलाश की गई। पता चला कि गांव में रहने वाले भूपेंद्र और उसकी पत्नी मैना देवी गांव में गायब हैं। पीडित् पिता ने मसूदा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। आरोपी नाबालिग किशोरी को कामली घाट पर छोड़ कर चले गए। स्थानीय पुलिस ने किशोरी से पूछताछ की और मसूदा पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज कर उसका मेडिकल करवाया। पीडिता ने अदालत में दर्ज किए बयानों में बताया कि आरोपी भूपेंद्र और उसकी पत्नी मैना देवी उसे डरा धमका कर अपने साथ ले गए। यहां से उसे जवाजा में रखा और इसके बाद बस में बैठाकर अहमदाबाद ले गए। जहां उसे एक कमरे में रखा गया। आरोपी ने अपनी पत्नी के सामने उसके साथ तीन दिन तक दुराचार किया। यहां से आरोपी की पत्नी मैना देवी फरार हो गई। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ 20 गवाह और 25 दस्तावेज पेश किए। इन सबूतों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने भूपेंद्र को दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस मामले में आरोपी की गिरफ्तार पत्नी को अदालत ने मफरूर घोषित करते हुए स्थाइ वारंट जारी किए हैं। वहीं अदालत ने प्रतिकार स्कीम के तहत पीडिता को छह लाख रुपए देने के भी आदेश दिए हैं।

सजा के बाद आरोपी को जेल लेकर जाती पुलिस ।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी निलंबित

करौली (नि.स.)। करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि आंगनबाडी केंद्र खेडीशीश,खेडी घाटम के चयन में हो रही धांधली कि शिकायत के संबंध में जांच अधिकारी उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास अधिकारी करौली की रिपोर्ट के आधार पर चयन प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं करने,जांच प्रक्रिया में असहयोग करने एवं उच्च अधिकारियों को गुमराह करने वाले केदार लाल मीणा सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है एवं जांच अधिकारी उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास अधिकारी करौली कि रिपोर्ट के आधार पर राजेंद्र यादव हैडपम्प मिस्त्री पंचायत समिति हिंडौन कि संलिप्तता पाए जाने पर राजेंद्र यादव पंचायत समिति हिंडौन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। उन्होंने बताया कि निलंबन काल के दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी केदार लाल मीणा का मुख्यालय कार्यालय बाल विकास विभाग मंडरायल रहेगा एवं हेड पंप मिस्त्री राजेंद्र यादव का निलंबन काल के दौरान मुख्यालय कार्यालय जिला परिषद करौली रहेगा।

ट्रक में घुसी सफारी, दो की मौत व एक घायल

बीकानेर। श्रीडूंगरगढ़ के रिड़ी गांव के एक ही परिवार के दो बेटों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत के बाद हर तरफ सिर्फ सन्नाटा पसरा है। ये सन्नाटा शनि मंदिर के पास जाकर टूटता है और कोहराम में बदल जाता है। रोने ओर चीखने की आवाज हर किसी को अंदर तक चीर देती है। सरदारशहर मेघा हाईवे पर सड़क हादसे में गांव के दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। वहीं एक अन्य इसी गांव का दामाद है। मृतक राकेश का विवाह अभी डेढ़ साल पहले हुआ था और उसकी पत्नी ने डेढ़ महीने पहले बेटे को जन्म दिया है।

गांव में शनि मंदिर के पास रहने वाले 22 साल के राकेश पुत्र लालाराम भार्गव व 22 वर्षीय नंदलाल पुत्र किशनलाल भार्गव चचेरे भाई है। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना में एक घायल रामलाल पुत्र गिरधारीलाल भार्गव भी रीड़ी निवासी है। तीनों युवक सरदारशहर रह कर अपने जीजा 35 वर्षीय पवन पुत्र रतनलाल निवासी राजासर बिकाण के साथ कामकाज करते थे। इनका ही मौसी का बेटा 30 वर्षीय कमलेश पुत्र भंवरलाल भार्गव निवासी राणासर बिकाण व जीजा पवन ने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं झुंझुनू निवासी धनराज प्रजापत ने बीकानेर जाने के दौरान रास्ते में जान गंवा दी। हादसा जिस 6 चक्कों वाले ट्रक से हुआ, उसके ड्राइवर रतनगढ़ निवासी किशोर सिंह राजपूत की हालत भी गंभीर है। उसका यहां बीकानेर के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है।

राकेश ओर नन्दलाल चचेरे भाई हैं और दोनों अपने बहनोई पवन के साथ सरदारशहर में काम करते थे। बताया जा रहा है कि ये सभी ऑनलाइन का कोई काम कर रहे थे। क्या काम करते थे इस बारे में स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हुई है। चारों रात में महज लॉवर व टीशर्ट पहने हुए टाटा सफारी में जा रहे थे। कपड़ों को देखकर नहीं लग रहा कि किसी विवाह या अन्य समारोह से लौट रहे थे। किसी होटल या ढ ाबे पर खाना खाने के लिए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। दुर्घटना के बाद गांव रीड़ी में माहौल गमगीन हो गया है। मृतक राकेश डेढ़ महीने पहले ही बेटे का पिता बना था। उसके परिजन पहली संतान के रूप में पौत्र होने की खुशी का उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन अब पूरे घर में मातम है। घर में इस सूचना के बाद कोहराम मच गया है। वहीं मृतक नंदलाल के परिजन उसके विवाह के सपने संजो रहे थे। जब से हादसे की खबर मिली है तब से बेसुध हैं। अन्य के हाल भी बेहाल है। घायल रामलाल भी एक डेढ़ वर्षीय बालक का पिता है। उसके स्वास्थ्य के लिए परिजन मन्नतें मांग रहें है व ग्रामीण भी प्रार्थनाएं कर रहें है। पूरे गांव में ही नहीं क्षेत्र में घटना तेज स्पीड व दर्दनाक हादसों की चर्चा एक बार फिर छिड़ गई है।

शेरगढ़ में सेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

जोधपुर, (कासं)। भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर चेतक की शेरगढ़ के पास इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। जैसे ही लोगों ने स्कूल के मैदान में हेलिकॉप्टर को देखा तो वहां भीड़ लग गई।

मामला बुधवार दोपहर करीब 3 बजे का है। तकनीकी खामी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। शेरगढ़ एसएचओ सवाई सिंह ने बताया कि दो चेतक हेलिकॉप्टर ने प्रैक्टिस के लिए जोधपुर आर्मी बेस कैंप से उड़ान भरी थी। दोपहर करीब 2 बजकर 45 मिनट पर शेरगढ़ गांव के ऊपर ये हेलिकॉप्टर मंडराने लगे। आसमान में इन दोनों हेलिकॉप्टर ने 10 राउंड काटे । 15 मिनट बाद दोपहर 3 बजे दोनों हेलिकॉप्टर की शेरगढ़ के संस्कृत स्कूल के खेल मैदान में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। पायलट को तकनीकी खामी नजर आई थी, जिसके बाद दोनों हेलिकॉप्टर के पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग करवाई है।

गांव में जैसे ही सेना का हेलिकॉप्टर उतरा, लोग सेल्फी लेने और वीडियो बनाने के लिए पहुंच गए। दूसरे हेलिकॉप्टर की लैंडिंग होने के कुछ देर बाद पायलट ने तुरंत उड़ान भर दी। वह हेलिकॉप्टर एक घंटे बाद शाम करीब 4 बजे दोबारा उसी मैदान में आया। बताया जा रहा है कि स्कूल मैदान में खड़े हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी थी। किसी पार्ट्स को लेकर दूसरे हेलिकॉप्टर का पायलट दोबारा यहां पहुंचा। हालांकि मौके पर मौजूद जवानों का कहना है कि यह प्रैक्टिस का हिस्सा है।

चाकूबाजी में तीन घायल

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी इलाके के गणेशपुरा में ब्लड कैंप के बाहर दो पक्षों में हुई चाकूबाजी में तीन युवक घायल हो गए। रेलवे कॉलोनी क्षेत्र के गणेशपुरा में चल रहे ब्लड कैंप के बाहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो युवक कुल्हाड़ी और चाकू लेकर पहुंचे और ब्लड देकर बाहर निकल रहे युवक सुरेन्द्र पर राहुल ने चाकू से हमला कर दिया।

हमले में घायल सुरेन्द्र ने चाकू छीनकर राहुल और ललित पर हमला कर दिया। हमले में घायल तीनों युवकों को उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि को सुरेंद्र की राहुल से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय तो मामला समझाईश से रफा-दफा हो गया। रेलवे कॉलोनी थाना अधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि इलाके के गणेशपुरा में ब्लड कैंप के बाहर दो पक्षों में मंगलवार रात्रि को किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि सुरेंद्र मीणा ब्लड कैंप से बाहर निकला उसी समय राहुल उसका भाई ललित दोनों कुल्हाड़ी और चाकू लेकर वहां पहुंचे और राहुल ने सुरेन्द्र पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल सुरेन्द्र ने भी चाकू छीनकर राहुल और ललित पर हमला कर दिया। हमले में घायल तीनों गणेशपुरा निवासी हैं।

मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार, 10 वाहन बरामद

केकड़ी (निस) केकड़ी शहर थाना पुलिस ने दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी करने वाले शातिर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। ये सभी वारदातें नशे की लत पूरी करने के लिए की गई थी।

केकड़ी शहर थाना प्रभारी कुसुम लता मीणा ने बताया कि केकडी निवासी अनिल सागर ने 13 नवंबर 2024 को अपनी मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी हीरो होंडा स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल पटेल मैदान के बाहर खडी थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले और साइबर सेल की मदद से संदिग्धों को ट्रैक किया। मुखबिर की सूचना पर शुभम उर्फ सैंटी तेली, प्रवीण मेघवंशी और मनोहर सैनी को गिरफ्तार किया गया। गहन पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 10 मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की।

केकड़ी शहर थाना पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने शुभम उर्फ सैंटी तेली (26 वर्ष) - निवासी तेली मोहल्ला, देवली, जिला टोंक, प्रवीण मेघवंशी (29 वर्ष) - निवासी बासनी, थाना हिण्डोली, जिला बूंदी और मनोहर सैनी (20 वर्ष) - निवासी गांव टरडक्या, थाना हिण्डोली, जिला बूंदी को गिरफ्तार किया है। केकडी सिटी थानाधिकारी कुसमलता मीणा ने बताया कि आरोपी सुनसान जगहों पर खडी मोटरसाइकिलों को मास्टर चाबी का इस्तेमाल कर चोरी करते थे। मुख्य आरोपी शुभम पर पहले से ही छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र सिंह और पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा के सुपरविजन में केकडी शहर थानाधिकारी कुसुमलता मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई।

इस टीम ने कुशल रणनीति और तकनीकी जांच के आधार पर इस गिरोह का पर्दाफाश किया। आरोपियों के कब्जे से 10 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जो केकड़ी, शाहपुरा, भीलवाडा, देवली और बूंदी से चोरी की गई थीं। कार्रवाही करने वाली टीम में केकडी शहर थानाधिकारी कुसुमलता मीणा, उप निरीक्षक महेशचंद, हेड कॉन्स्टेबल राकेश कुमार, कॉन्स्टेबल पंकज कुमार, साइबर सेल टीम के रामराज, गजराज, शिवजीराम का सराहनीय योगदान रहा।

नाकाबंदी में 76 किलो 131 ग्राम ज्वैलरी जब्त

कोटा, (निसं)। रानपुर पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक कार में मौजूद व्यक्तियों द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर उनके पास पांच बैगों में मौजूद 76 किलो 131 ग्राम चांदी जैसे रंग वाली ज्वैलरी को जब्त किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि रानपुर थाने के उपनिरीक्षक भीम सिंह मय जाप्ता जगपुरा पुलिस चौकी के सामने कोटा-झालावाड हाईवे पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। उसी दौरान एक कार को चैकिंग के लिये रूकवाया गया जिसमे रामप्रसाद, आशु, राहुल व खुशाल सवार थे।

कार में चैंकिंग के दौरान पांच बैग मिले जिनकी तलाशी ली गई तो बैग में चांदी जैसे रंग की ज्वैलरी भरी हुई थी। जिसके संबंध में चारों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब न देने पर उन ज्वैलरी के बैगो जब्त किया गया जिसका वजन 76 किलो 131 ग्राम था। जब्त ज्वैलरी के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

कार्रवाई के छह दिन बाद ईडी ने किया मामल का खुलासा

पी.वाई.वाई.पी.एल. एप मामले में ही हुई थी जखोडा गांव में कार्रवाई

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के मंड्रेला के समीप जखोडा गांव में छह दिन पहले हुई कार्रवाई को लेकर ईडी ने खुलासा किया है। हालांकि स्पष्ट तौर पर अभी भी यह सवाल है कि इस मामले में ईडी को जितेंद्र कस्वां के पास क्या मिला और उसकी भूमिका क्या थी। लेकिन ईडी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर जानकारी दी है।

जिसमें बताया गया है कि 28 से 30 नवंबर तक दिल्ली, गुरुग्राम, जोधपुर, झुंझुनूं, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता में 13 जगह छापेमारी की कार्रवाई की गई थी। तलाशी अभियान के दौरान ईडी को 47 लाख रूपये की अस्पष्टीकृत नकदी, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, चेक बुक, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, डिजिटल हस्ताक्षर और ट्रस्ट वॉलेट सीक्रेट वाक्यांश बरामद किए गए और उन्हें जब्त कर लिया गया। इसके अलावा निजी वॉलेट से 1.36 करोड रूपये मूल्य की क्रिप्टोमुद्रा भी जब्त की गई जिसके बाद इस गोरखधंधे में इस्तेमाल हो रहे बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। दरअसल ईडी ने रूपये की साइबर धोखाधडी के संबंध में सीबीआई, आर्थिक अपराध शाखा, दिल्ली द्वारा दर्ज दो एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी।

बताया जा रहा है कि इस पूरे घोटाले में शामिल लोगों ने सट्टेबाजी, जुआ, अंशकालिक नौकरियों और फिशिंग घोटालों आदि के माध्यम से करोडों रूपये कमाए हैं। एफआईआर में बताया गया है कि जालसाजों ने 5000 से अधिक भारतीय बैंक खातों के माध्यम से पैसे निकाले और बाद में इसे संयुक्त अरब अमीरात स्थित भुगतान प्लेटफॉर्म पीवाईवाईपीएल पर अपलोड कर दिया।

साइबर धोखाधडी के पैसे का एक हिस्सा मास्टरध्वीजा इंडियन बैंक एटीएम कार्ड के माध्यम से दुबई में नकद में निकाला गया था। ईडी ने सैकडों बैंक खातों में डेबिट/क्रेडिट लेनदेन और क्रिप्टो करेंसी की खरीद का विवरण देने वाले 2000 से अधिक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। ईडी 28 नवम्बर को झुंझुनूं के जखोडा गांव में भी इस मामले में कार्रवाई के लिए पहुंची थी। ईडी टीम ने जखोडा के जितेन्द्र कस्वां के घर पर यह कार्रवाई की थी।

ईडी के अधिकारी 28 नवम्बर को देर रात 2:30 बजे दो टैक्सियों से जखोडा पहुंचे थे, जहां गांव के बाहर देवनारायण मन्दिर के पास उन्होंने लगभग 2:30घंटे तक इंतजार किया, उसके बाद सुबह 5 बजे वे जितेन्द्र कस्वां के घर पर तलाशी के लिए दाखिल हुए। सुबह 5 बजे शुरू हुई यह कार्रवाई लगभग 17 घंटे तक जारी रही। इस दौरान ईडी टीम के साथ आए सीआरपीएफ के जवानों ने जितेन्द्र कस्वां के घर की ओर आने वाले रास्ते को दोनों तरफ से बन्द कर दिया था। यहां तक कि छत पर और घर के मुख्य दरवाजे के बाहर भी सीआरपीएफ के जवान तैनात थे। कार्रवाई के दौरान किसी को भी घर पर नहीं आने दिया गया था।

कार्यालय नगर पालिका मारवाड़ जंक्शन(पाली)
पंचायत समिति के सामने मारवाड़ जक्शन -306001

क्रमांक : न.पा.मा.जं./भण्डार/2024-25/1906 दिनांक:-03-12-2024

निविदा सूचना: 05/2024-25

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका, मारवाड़ जंक्शन के भण्डार शाखा की ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा सम्बंधित विस्तृत जानकारी पालिका के नोटिस बोर्ड अथवा वेब पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है, जिसके यू.बी.एन. नम्बंर DLB2425SSOB12707 है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, मारवाड़ जंक्शन

राज.संवाद/सी/24/8651

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. DISTT.DN.II, UDAIPUR

No.: 894 **Notice Inviting Bid No. 16/2024-25** Date: 27.11.2024

NIB No.: PWD2425A2999

Bids for Plantation and Material Supply on under MGNREGA works are invited from interested bidders upto 29.11.2024 11.00 AM to 08.12.2024 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://eproc.rajasthan.gov.in" and "http://sppp.rajasthan.gov.in") of the state, and department website. The approximate value of procurement of 22 work is Rs. 247.38 Lacs.

S.No.	UBN No.	S.No.	UBN No.
1	PWD2425WSOB10986	2	PWD2425WSOB10987
3	PWD2425WSOB10988	4	PWD2425WSOB10989
5	PWD2425WSOB10990	6	PWD2425WSOB10991
7	PWD2425WSOB10992	8	PWD2425WSOB10993
9	PWD2425WSOB10994	10	PWD2425WSOB10995
11	PWD2425WSOB10996	12	PWD2425WSOB10997
13	PWD2425WSOB10998	14	PWD2425WSOB10999
15	PWD2425WSOB11000	16	PWD2425WSOB11001
17	PWD2425WSOB11002	18	PWD2425WSOB11005
19	PWD2425WSOB11006	20	PWD2425WSOB11007
21	PWD2425WSOB11008	22	PWD2425WSOB11009

DIPR/C/12134/2024

(P.C. Audichya)
Executive Engineer,
PWD Distt. Dn.II,
Udaipurv

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
प्रभास्मि शशि सूर्ययोः
रोड नं. 2, पुराना पावर हाउस, बनीपार्क, जयपुर-302016,
वेबसाईट :- www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, ई-मेल :- caorb@jvvnl.org

ई-निविदा आमंत्रण नोटिस

जयपुर विद्युत वितरण निगम के उपभोक्ताओं के विद्युत विपत्र का ऑनलाईन पेमेंट गेटवे एवं भारत बिल पेमेंट सिस्टम सेवाएं प्रदान करने के लिए ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। योग्य निविदा दाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 04.12.2024 को सांय 6 बजे से डाउनलोड कर सकते है। निविदाएँ ऑनलाईन ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 03.01.2025 को सांय 4 बजे तक ही स्वीकार की जाएगी। निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की वेब साइट https://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

UBN No.: VVN2425SLOB00820

राज.संवाद/सी/24/8655 जेपीआर - 2918 (2024) मुख्य लेखाधिकारी (रा. एवं बि.)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड 3, जयपुर

क्रमांक 4992 दिनांक-27.11.2024

ई-निविदा सूचना संख्या 53/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए पीडब्ल्यूएफ एण्ड ए.आर. पार्ट II अपेण्डिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय समय पर पंजीयन नियमों सम्बन्धी वित्त विभाग द्वारा जारी आदि दिनांक संशोधित परिपत्रों के अनुरूप इस विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in/ & www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख	29.11.2024 (शुक्रवार) प्रात 9.30 बजे से 09.12.2024 (सोमवार) तक सायं 6.00 बजे तक
निविदा जमा कराने की तारीख	29.11.2024 (शुक्रवार) प्रात 9.30 बजे से 09.12.2024 (सोमवार) तक सायं 6.00 बजे तक
निविदा खोलने की तारीख	10.12.2024 (मंगलवार) को अपरान्ह 03.00 बजे से

NIT S.NO. UBN NO. 1. PWD2425WSOB11025, 2. PWD2425WSOB11028, 3. PWD2425WSOB11030, 4. PWD2425WSOB11032, 5. PWD2425WSOB11034, 6. PWD2425WSOB11036, 7. PWD2425WSOB11038, 8. PWD2425WSOB11039, 9. PWD2425WSOB11040, 10. PWD2425WSOB11042, 11. PWD2425WSOB11044

(सुमित तिवारी) अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि नगर खण्ड तृतीय, जयपुर

DIPR/C/12140/2024

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधीक्षक एवं सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट जयपुर

क्रमाक-म.चि.सां.गे / रामेरी सो/2024-25/345 दिनांक: 23/11/2024

ई-निविदा सूचना

इस चिकित्सालय में केन्टीन संचालन हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी सेवाप्रदाता एजेंसी से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेट प्रक्रिया के तहत www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदा के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा आमत्रित की जाती है-

क्र.स.	विवरण	विस्तृत विवरण
1	कार्य का विवरण	चिकित्सालय में मैन पॉवर उपलब्ध कराने हेतु।
2	निविदा की वार्षिक अनुमानित लागत	270.00 लाख
3	अमानत राशि	5,40,000/-
4	MSME रजिस्ट्रर्ड संस्थानों हेतु अमानत राशि 0.50%	1,35,000/-
5	निविदा प्रपत्र शुल्क	2000/-
6	RISL प्रोसेसिंग शुल्क	2000/- प्रबंध निदेशक, RISL जयपुर के नाम से डिमांड ड्राफ्ट बना हुआ हो
7	निविदा आमंत्रितकर्ता	सदस्य सचिव, राज मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, जयपुर
8	निविदा प्रपत्र अपलोड करने की तिथि एवं समय	28.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे
9	निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय	28.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे
10	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय	17.12.2024 को सांय 5 बजे तक
11	निविदा पपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा अमानत राशि के डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करने की तिथि व समय	28.11.2024 से दिनांक 17.12.2024 समय दोपहर 04.00 बजे तक
12	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय	18.12.2024 को दोपहर 01.00 बजे
13	वित्तय निविदा खोलने की तिथि व समय	तकनीकी रूप से योग्य निविदादाताओं को अलग से सूचित कर दिया जावेगा।
14	अनुबंध की अवधि	मूल अनुबंध एक वर्ष (आदेश दिनांक से एक वर्ष की होगी) तदापि आपसी सहमति से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 73 के अनुसार बढ़ाई जा सकेगी।
15	कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि (Performance Security)	अनुमोदित निविदा की 5 प्रतिशत ।

01- निविदा प्रपत्र सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in एवं राज्य लोक उपापन पार्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।
02- इच्छुक निविदादाताओं को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नांमाकित के पोर्टल के साथ पंजीकृत होना आवश्यक है एवं वैबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर यह निविदा ऑन-लाईन प्रस्तुत करनी होगी।
03- बोली प्रतिभूति एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के वैकर चैक या डिमांड ड्राफ्ट या अनुसूचित वैक विनिर्दिष्ट रूपविधीन मे वैक गारंटी विधि मान्यता की अवधि से 30 दिन आगे तक विधि मान्य रहनी होगी।
04- यदि किसी कारणवश तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक को अवकाश रहता है तो तकनीकी निविदा उसके अगले दिन उसी समय पर खोली जावगी।

सदस्य सचिव
राज मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
महिला चिकित्सालय, जयपुर

DIPR/C/12153/2024

शिक्षक अनुभव का भंडार, प्रेरक बनकर आगामी पीढ़ी को प्रेरित करें : दिलावर

जयपुर। शिक्षा संकुल स्थित स्कूल शिक्षा परिषद सभागार में बुधवार को पुरस्कृत शिक्षक फोरम, राजस्थान और शिक्षा विभाग के तत्वावधान में भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने की। राजकीय विद्यालयों के विकास में भामाशाह और प्रेरक शिक्षक विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में जिला एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत राजकीय विद्यालयों के प्रेरक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान राज्य की शिक्षा में गुणवत्ता पर भी चर्चा हुई।

शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने राज्य स्तरीय सेमिनार में जिला एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत राजकीय विद्यालयों के प्रेरक शिक्षकों को सम्मानित किया।

- शिक्षा संकुल में पुरस्कृत शिक्षक फोरम, राजस्थान और शिक्षा विभाग के तत्वावधान में भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस मौके पर शिक्षकों को ''अनुभव का भंडार'' बताते हुए उनके प्रेरक योगदान की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों से आगामी पीढ़ी को प्रेरित करने और कमजोर व अभावग्रस्त क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने की अपील की। शिक्षा मंत्री ने शिक्षक समाज की भूमिका और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर राइजिंग राजस्थान समिट 2024 के तहत तीन एमओयू भी साइन किए गए। इससे पहले पुरस्कृत शिक्षक फोरम, राजस्थान के महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने शिक्षा मंत्री को साफा और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन करके की। उन्होंने विद्यार्थियों के समग्र विकास में शिक्षक की भूमिका को अहम बताया। मंत्री दिलावर ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक न केवल ज्ञान का प्रसार कर रहे हैं, बल्कि प्रेरक बनकर जनसहयोग द्वारा शिक्षा के आधारभूत स्तंभ भी बन रहे हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि श्रेष्ठ शिक्षकों को अपनी आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करने की आवश्यकता है। इसके लिए 40 की उम्र के बाद शिक्षकों को स्वयं आकर प्रदेश की शिक्षा देश की श्रेष्ठ शिक्षा बनाने पर प्रयास करना चाहिए। अपनी श्रेष्ठता का लाभ कमजोर बच्चों एवं अभावग्रस्त विद्यालयों में देकर ऐसा किया जा सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि शिक्षा का मतलब है दिशा देने वाला, संस्कार देने वाला, जागृति लाने वाला और ये सभी गुण एक शिक्षक में मौजूद हैं।

शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के जीवन में दिशा, संस्कार और जागरूकता का संचार करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल शिक्षकों का सम्मान है, बल्कि शिक्षा की श्रेष्ठता, भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत और समग्र विकास की दिशा में एक कदम साबित होगा।

राजकीय विद्यालयों में विकास के लिए 15 लाख रुपए से अधिक राशि भामाशाहों के जरिए लाने वाले प्रेरक शिक्षकों का सेमिनार में सम्मान किया गया। शिक्षा मंत्री श्री दिलावर ने शॉल ओढ़ाकर और समृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया एवं शिक्षकों का हौसला बढ़ाया। सेमिनार में 16 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा मंत्री ने पुरस्कृत शिक्षक फोरम, राजस्थान द्वारा इस तरह के आयोजन पर खुशी जताते हुए सम्मानित लोगों में स्वयं को सम्मानित करने पर आभार जताया।

साथिन कार्यकर्ता पंचायतों के क्रियाकलापों को महिला हितैषी बनाएं : सोनी

महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बुधवार को प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा पोस्टर का विमोचन किया।

जयपूर। शासन सचिव महिला एवं बाल विकास महेन्द्र सोनी ने कहा हैं कि साथिन कार्यकर्ताएं पंचायतों को बालक एवं महिला हितेषी बनाएं।

सोनी यूनिसेफ राजस्थान के सहयोग से पंचायती राज विभाग, महिला अधिकारिता निदेशालय तथा मंजरी संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में 33 जिलों की 66 साथिन कार्यकर्ताओं के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ''पंचायत संग साथिन'' को सम्बोधित कर रहे थे।

सोनी ने पंचायत साथिनों को कहा कि वे बाल एवं महिला हितैषी पंचायत बनाने के पुनीत कार्य में पूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत एक अनूठी पहल के रूप में ''पंचायत संग साथिन'' प्रशिक्षण कार्यक्रम एक सार्थक आयोजन है। इसके माध्यम से पंचायत स्तर पर सकारात्मक भाव से महिला एवं बालकों के विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने साथिनों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप साथिन कार्यकर्ताएं ही बाल एवं महिला हितैषी पंचायतें बनाएंगी।

कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण के रुप में साथिनों को विकसित करने के लिये यूनिसेफ एवं विभाग द्वारा तैयार प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा पोस्टर का विमोचन सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता आयुक्त नीतू राजेश्वर, पंचायती राज संयुक्त शासन सचिव गुरुदर्शन सिंह रमाना तथा अतिरिक्त निदेशक महिला अधिकारिता नीतू राज़ेश्वर, साथिन परियोजना यूनिसेफ के सामाजिक नीति विशेषज्ञ शफकत हुसैन उपस्थित रहे।

बाल व युवा कलाकारों ने किया कथक

जयपुर। मुद्रा एकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की ओर से बुधवार को जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में वार्षिक नृत्योत्सव कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में अनेक युवा व बाल कलाकारों ने लखनऊ घराने की कथक नृत्य शैली की विभिन्न विधाओं के मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत शिव के अर्द्धनारीश्वर रूप की वंदना के साथ हुई। मुद्रा आर्ट्स की निदेशक मेहा झा कासलीवाल ने बताया कि कलाकारों ने आकर्षक फुटवर्क और आंगिक-भाव भंगिमाओं से शिव के अर्द्धनारीश्वर स्वरुप को मंच पर साकार किया। सरगम और कथक के संयोजन ने नृत्य शैली सलोना रूप दर्शाया।बाल कलाकारों ने शुद्ध कथक में टुकड़े , तिहाइयां , हस्त मुद्राएं एवं शृंगार भाव की प्रस्तुतियां दीं। निशा केसरी ने एकल कथक में देवी की स्तुति से प्रारम्भ करते हुए ताल धमार में टुकड़े , तिहाइयां उठान, परन से परिपूर्ण प्रस्तुति दी।

18 बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 में निजी खातेदारी करीब 18 बीघा कृषि भूमि पर 2 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्त किया गया। साथ ही ग्राम ग्वार ब्राह्मणान् में जविप्रा की आवासीय योजना विप्र विहार के भूखण्डों के ब्लॉक, पार्क, सुविधा क्षेत्र की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम फतेहपुरा से संस्कृत कॉलेज जाने वाली रोड़, तहसील चाकसू जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''भैरव सिटी'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, सीमेन्ट के ट्री गार्ड, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल, पत्थरगढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

राजस्थान विश्वविद्यालय में ट्रांसजेंडरों के मुद्दों पर चर्चा

राजस्थान विश्वविद्यालय में ट्रांसजेंडर मुद्दों को लेकर कार्यशाला को विश्विद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने सम्बोधित किया।

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय में आज ट्रांसजेंडर मुद्दों को लेकर एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नामी ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट पुष्पा माई ने लैंगिक समावेशिता के विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्विद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की जिन्होंने ट्रान्सजेंडर विद्यार्थियों के लिए विश्विद्यालय में किए गए नीतिगत बदलावों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि हाल ही में दो ट्रांसमैन छात्रों द्वारा अपने अकादमिक दस्तावेजों में नाम परिवर्तन की अर्ज़ी पर संज्ञान लेते हुए विश्विद्यालय ने बदलाव किए हैं जिससे आगे भी इस संदर्भ में समस्याओं का निराकरण त्वरित प्रभाव से हो सके। प्रो. कटेजा ने आयोजकों प्रो. नूपुर माथुर एवं डॉ. प्रीति चौधरी को इस कार्यशाला के सफल संयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विश्विद्यालय में एक समावेशी समाज की नींव रखते हैं और उन्हें उम्मीद है कि विश्विद्यालय इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेगा।

मुख्य वक्ता एवं नई भोर संस्था की निदेशक पुष्पा माई ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रो.कटेजा एवं आयोजकों को धन्यवाद दिया कि इतने संवेदनशील मुद्दे पर विश्विद्यालय का मंच देना अपने आप में लैंगिक समावेशिता की धारणा को दर्शाता है।

सार-समाचार

लाख 12 हजार सीजनल फुलवारियों से किया जा रहा सौंदर्यीकरण

जयपुर। राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 (9 से 11 दिसम्बर) की तैयारियों को लेकर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 64 लाख रूपए की लागत से मुख्य सडकों, सर्किलों, चौराहों एवं मीडियन का शरद ऋतु के सीजनल फुलवारियों से सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा राईजिंग राजस्थान समिट की तैयारियों हेतु जयपुर शहर के मुख्य सडकों, सर्किलों, चौराहों एवं मीडियन जैसे - अमर जवान ज्योति, स्टेच्यू सर्किल, अम्बेडकर सर्किल, गांधी सर्किल, सिविल लाईन्स, बजाज नगर मोड तिराहा, रामबाग चौराहा, राजमहल चौराहा, सैन्ट्रल पार्क, जवाहर सर्किल, टोंक रोड, जेएलएन मार्ग, भवानी सिंह रोड, रामनिवास बाग, जयपुर विकास प्राधिकरण केम्पस आदि स्थानों पर विभिन्न प्रकार के फूलदार पौधों के गमलें सौन्दर्यकरण की दृष्टि से रखें जाकर संधारित किये जायेंगे। जिससे जयपुर पधारने वाले निवेषकों, पर्यटकों एवं आमजन को रंग-बिरंगे फूलों का मनमोहक एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण मिलेगा। जेडीए द्वारा फुलवारी में मुख्यत: गुलदाउदी, पिटूनिया, साल्विया, सिनेरिया, गजेनिया, पेंजी व पनसेटिया इत्यादि प्रजाति के पौधों के गमलें रखें जाकर संधारित किये जायेंगे। जिसके अंतर्गत 39500 सीजनल फुलवारी मय गमलें एवं 72400 सीजनल फुलवारी रोपित की जायेंगी। उक्त सौन्दर्यकरण कार्य पर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 64 लाख रू. व्यय किये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त जेडीए क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर स्थित सडक मीडियन व ग्रीनबेल्ट में स्थित पेड-पौधों व झाडियों की कटाई-छंगाई के कार्य भी करवायें जा रहे हैं।

राजस्थान पैवेलियन के लिए भूखंड आवंटन का अनुरोध किया

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश की जनता की धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक परंपरा के संरक्षण के लिए कृतसंकल्पित है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार आस्था धामों के विकास और वरिष्ठ जनों को तीर्थ यात्रा करवाने जैसे कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अगले साल 13 जनवरी से 26 फरवरी तक उत्तरप्रदेश के प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित होने वाले महाकुंभ में राजस्थान के श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्थक पहल की है। शर्मा ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कुंभ मेला स्थल के निकट राजस्थान का एक पैवेलियन स्थापित करने के लिए भूखंड आवंटित करने का आग्रह किया है। ये पैवेलियन स्थापित होने से राजस्थान के लाखों श्रद्धालुओं के विश्राम, जलपान तथा चिकित्सा सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में आशा व्यक्त की कि उत्तरप्रदेश सरकार का सहयोग राजस्थान के श्रद्धालुओं के महाकुंभ के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ ही देश की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपरा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

राजस्थान रोडवेज के दिल्ली आगार ने अर्जित की सर्वाधिक आय

जयपुर। राजस्थान रोडवेज के दिल्ली आगार ने नवम्बर माह में 3.45 करोड़ रुपये आय अर्जित करते हुए अब तक के इतिहास की सर्वाधिक बुकिंग आय का रिकॉर्ड बनाया है। दिल्ली आगार के मुख्य प्रबंधक पुलकित कुमार ने बताया कि दिल्ली आगार ने नवम्बर में 3.45 करोड़ रुपये की आय अर्जित करते हुए अक्टूबर की 2 करोड़ 67 लाख रुपये आय की तुलना में 78 लाख रुपये अधिक की आय अर्जित की है। पुलकित ने बताया कि हाल ही में 17 अक्टूबर से रोडवेज की चेयरमैन शुभ्रा सिंह के प्रयासों से रोडवेज प्रबंधन ने नई दिल्ली-जयपुर मार्ग पर 8 नई डीलक्स एसी बसों का संचालन आरंभ किया है जिससे दिल्ली आगार की बुकिंग आय में काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि इन नवीन बसों के संचालन के कारण वर्तमान समय में नई दिल्ली-जयपुर मार्ग पर निजी एसी बस ऑपरेटर्स के साथ काफी प्रतिस्पर्धा के बावजूद भी राजस्थान रोडवेज इस मार्ग पर अपनी डीलक्स वाहनों की उपस्थिति को बनाये रखते हुए नवम्बर में अच्छा यात्री भार अर्जित करने में सफल रहा है। इसके परिणामस्वरूप नवम्बर में दिल्ली आगार ने केवल वॉल्वो वातानुकूलित डीलक्स बसों से 50 लाख रु आय अर्जित की है जो कि सितंबर की तुलना में 25 लाख रुपये अधिक है।

रीढ़ की हड्डी के दिव्यांगों को आरक्षित वर्ग में शामिल करने के आदेश

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरपीएससी को कहा है कि भूगोल विषय के लिए आयोजित स्कूल व्याख्याता भर्ती-2024 में रीढ़ की हड्डी के दिव्यांग को भी आरक्षित वर्ग में शामिल किया जाए। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश विकास चौधरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि केन्द्र सरकार के दिव्यांग आरक्षण संबंधी प्रावधान राज्य सरकार पर स्वत: ही लागू होते हैं और इसके लिए राज्य सरकार को अलग से निर्देश जारी करने की जरूरत नहीं है।

सदन भी दिखेगा गुलाबी जैसा : देवनानी

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि गुलाबी नगरी का राजस्थान विधानसभा का सदन अब गुलाबी जैसा दिखाई देगा। देवनानी ने सदन में चल रहे कार्य की प्रगति का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और ई-विधान से विधानसभा सदन व विधानसभा सचिवालय को डिजिटल किये जाने वाले कार्य को 31 दिसम्बर तक आवश्यक रूप से पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। देवनानी ने राजस्थान विधानसभा के डिजिटल कार्य का बुधवार को अवलोकन किया।

'महिलाओं को नहीं बताए जाते गर्भपात को लेकर उनके अधिकार'

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि एमटीपी एक्ट 24 सप्ताह की अवधि में गर्भपात की अनुमति देता है। इस अवधि में गर्भपात के लिए कदम नहीं उठाए जाते और फिर बाद में गर्भपात की अनुमति के लिए कोर्ट में याचिका दायर की जाती है। कोर्ट में देरी से आने से कई जटिलाएं पैदा हो जाती हैं, जिससे अधिकांश मामलों में महिला के जीवन पर जोखिम आ जाता है।

- एमटीपी एक्ट 24 सप्ताह की अवधि में गर्भपात की अनुमति देता है

अदालत ने कहा कि महिलाओं और पीडिताओं को गर्भपात को लेकर उनके अधिकारों के बारे में जानकारी नहीं दी जाती, जिसके चलते अदालत को दखल देना पड़ता है। गर्भपात की अनुमति मांगने में देरी के चलते यौन उत्पीड़न के कारण गर्भवती हुई पीडिताओं को अवांछित गर्भावस्था को जारी रखना पड़ता है और कई बार संतान को जन्म देना पड़ता है। ऐसे में उचित कानून बनने तक अदालत दिशा-निर्देश देना जरूरी समझती है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका के तौर पर दर्ज करने को कहा है। वहीं अदालत ने यौन उत्पीड़न की शिकार पीडिता को गर्भपात की अनुमति नहीं देने और उसके कल्याण के लिए पूर्व में एकलपीठ की ओर से दिए आदेश में दखल से इनकार किया है। अदालत ने कहा कि पीडिता करीब 32 सप्ताह की गर्भवती है और अब गर्भपात उसके जीवन पर बहुत बडा जोखिम उठाने के बराबर होगा, जिसकी अदालत अनुमति नहीं दे सकता है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने यह आदेश पीडिता की ओर से गर्भपात की अनुमति के लिए दायर अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

एक सोनोग्राफी मशीन जब्त

जयपुर। राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की टीम ने जयपुर के गोविन्दगढ़ में भोमियों की ढाणी, ग्राम अनन्तपुरा के एक खेत में पड़ी हुई अवैध पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन जब्त की है।

अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि मुखबिर के माध्यम से ग्राम अनन्तपुरा, गोविन्दगढ़ के भोमियों की ढाणी डॉ. बी.एल. मील हॉस्पिटल परिसर स्थित खेत में एक कट्टे में अवैध पोर्टेबल मशीन पड़ी होने की सूचना मिली। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीसीपीएनडीटी ब्यूरो डॉ. हेमन्त जाखड़ ने मय टीम मौका मुआयना किया। मौके पर ही संबंधित उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय को बुलाया।

बांग्लादेश की अल्पसंख्यक आबादी पर अत्याचार रोकें : असगर अली

दूदू। जिला मुख्यालय पर संचालित कृषि मंडी परिसर में 5 दिसंबर गुरुवार को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा कृषि मंडी समिति कनिष्ठ विपणन अधिकारी मोहन मुरारी शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में एस पीएम यू जयपुर की टीम एवं राज्य कृषि विपणन बोर्ड जिला उद्योग केंद्र रीको राजीविका नाबार्ड के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे इस दौरान छोटे उद्योगों के लाभार्थियों के साथ संवाद किया जाकर उद्योग स्थापित करने की सलाह दी जाएगी सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी योजना के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा

अवैध बजरी से भरे दो ट्रेक्टर जप्त

मालपुरा,(निस) अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर जिला पुलिस अधिक्षक के निर्देशानुसार डिग्गी थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी के सुपरविजन मे पुलिस टीम ने बुधवार को जयसिंहपुरा व डिग्गी नुक्कड के पास दौराने गश्त के अवैध बजरी परिवहन करते दो ट्रेक्टरो को पकड जप्ती की कार्यवाही की। पुलिस जीप को आता देख दोनो ट्रेक्टर चालक मौके से भाग छुटे। दोनो ट्रेक्टर चालको के विरूद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 5 को

कोटपूतली। जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिले में किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि माह के प्रथम गुरुवार, 5 दिसम्बर को जिले में ग्राम पंचायत स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन प्रातरू 11 बजे से 2 बजे तक किया जायेगा।

पूर्व चेयरमैन प्रकाश चंद सैनी अध्यक्ष बने

कोटपूतली। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा बुधवार को प्रदेश भर में 27 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष की घोषणा की गई है। डोटासरा ने कोटपूतली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर पूर्व चैयरमैन एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाश चंद सैनी को दायित्व सौंपा है। उल्लेखनीय है कि सैनी कांग्रेस पार्टी के वर्षो पूराने कार्यकर्ता रहे है। वर्ष 2003 में भी वे कोटपूतली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने थे। इस प्रकार लगभग 20 वर्षो बाद उनकी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर वापसी हुई है।

वाल्मीकि समाज ने की सफाई कर्मचारी भर्ती को निरस्त करने की मांग

देवली । वाल्मीकि समाज ने सफाई कर्मचारी भर्ती को निरस्त करने की मांग उठाते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा है ।

अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार डाबोलिया ने ज्ञापन में बताया कि अभी हाल ही में राज्य सरकार द्वारा सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज के साथ किए जा रहे हैं। कटुराघात को समाप्त करने एवं वर्तमान सफाई कर्मचारी की भर्ती को निरस्त करने की मांग की जा रही है। प्रदेश में सफाई कर्मचारी की भर्ती को लेकर अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद दबूरिया का यह भी कहना है कि। देवली वाल्मीकि समाज एवं सफाई कर्मचारी सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती है कि।

वाल्मीकि समाज ने सफाई कर्मचारी भर्ती को निरस्त करने की मांग उठाते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

- वाल्मीकि समाज ने सफाई कर्मचारी भर्ती को निरस्त करने की मांग उठाते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा

राज्य के नगर निकायों में चल रही भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को मध्य नजर रखते हुए और सरकार द्वारा किए जा रहे भेदभाव की नीति के विरोध में तथा भर्ती में हो रहे कठूराघात एवं परंपरागत सफाई कार्य करने वाले अभ्यर्थियों में बढ़ रहा असंतोष के चलते प्रदेश की नगर निकाय नगर पालिका एवं नगर परिषद में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सफाई कर्मचारियों की संविदा पर नियुक्ति करने के लिए यहां 3 दिसंबर 2024 को वाल्मीकि बस्ती के बाबा रामदेव मंदिर के प्रांगण मैं समाज बंधुओ की एक बैठक आयोजित की गई ।जिसमें वाल्मीकि समाज द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अगर वाल्मीकि समाज की उक्त मांगों पर 5 दिसंबर 2024 तक निर्णय नहीं लिया गया। तो शहर में वाल्मीकि समाज एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा । यह धरना प्रदर्शन 6 दिसंबर 2024 को प्रात: 8:00 बजे शुरू होगा जिसमें नगर पालिका क्षेत्र एवं समस्त विभागों में झाड़ू बंद आंदोलन भी किया जाएगा ।एवं नगर पालिका गेट के बाहर धरना प्रदर्शन कर झाड़ू डाउन किया जाएगा।

ऐसे में वाल्मीकि समाज ने यह की कहा इस आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य के स्वायत्तता शासन विभाग की होगी। यह भी बताया कि वाल्मीकि समाज सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों एवं समाज के लोगों ने पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन एवं पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा को उक्त मामले में ज्ञापन सोपा है। इस मौके पर शैतान चांवरिया सुजीत डाबोलिया ललित कुमार तेजी अजय कुमार भरत कुमार सोनू विकास कुमार मुकेश कुमार विनोद कुमार दीपक कुमार संदीप कुमार अनीता सुमन दीपा मंजू लक्ष्मी कलावती गौरी बबली गुड़िया अनीता प्रमिला माया कृष्णा शारदा इत्यादि सहित दर्जनों वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे।

सार-समाचार

ओवरलोड वाहनों के चलते जाम का संकट

पावटा। पुलिस प्रशासन व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि वाहन सडक पर सरपट दौडते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। वही पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। जानकारी के अनुसार रोजाना सैकडों ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉलियां क्षमता से अधिक मात्रा में माल भरे ओवरलोड वाहनों के चलने से सडकों पर गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में भारी वाहनों के फंस जाने से कई घंटों तक जाम लग जाता हैं। वही आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। लेकिन विभाग इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा हैं। वही हाईवे हो या शहर के अंदर के मार्ग सभी जगह सडक के किनारे बेतरतीब खडे वाहनों को देखा जा सकता है। ये वाहन आए दिन सडक हादसों का कारण भी बनते हैं। क्षेत्र में साल दर साल मार्ग दुर्घटनाओं में मौतों का आकडा बढता जा रहा है। कहीं तेज रतार मौत का कारण बन रही हैं तो कही सडक किनारे खडे वाहन, लेकिन जिमेदार इस ओर ध्यान नहीं देते हैं और कागजी कार्रवाई कर सिर्फ खानापूर्ति कर देते हैं। क्षेत्र में देखा जाए तो हर मार्ग के फुटपाथ पर वाहन खडे देखे जा सकते हैं। पुलिस प्रशासन व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि वाहन सडक पर सरपट दौडते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। वही पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं।

परीक्षा फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि 14 दिसम्बर तक

कोटपूतली। राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. पार्ट द्वितीय व तृतीय वार्षिक पद्धति, पूर्व छात्र, स्वयंपाठी तथा बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. पार्ट द्वितीय सेमेस्टर तृतीय के नियमित विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म 04 से 14 दिसम्बर तक बिना विलम्ब शुल्क भरे जायेगें। स्नातकोत्तर पूवार्द्ध व उत्तरार्द्ध के नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म 04 से 14 दिसम्बर तक बिना विलम्ब शुल्क भरे जायेगें। परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय में निर्धारित काउन्टर पर जमा करवानी होगी। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के अंतर्गत स्नातक नियमित प्रथम सेमेस्टर एवं प्राईवेट प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 05 दिसम्बर है। परीक्षा फॉर्म भरने से पहले सभी विद्यार्थियों को एबीसी आईडी बनवाना जरूरी है। फॉर्म भरने के बाद महाविद्यालय में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी, एबीसी आईडी, 10 वीं, 12 वीं की अंकतालिका, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड से यदि 12 वीं परीक्षा पास की है तो मूल माईग्रेशन सर्टिफिकेट और उसकी फोटो कॉपी, आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लेकर महाविद्यालय में परीक्षा फॉर्म जमा करवायें। यदि परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय में उपस्थित होकर जमा नहीं कराया गया तो फॉर्म स्वीकार नहीं होगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थी की होगी।

पुलिस के दोषपूर्ण अनुसंधान पर न्यायालय ने अभियुक्तों को किया दोष मुक्त

पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पावटा। पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड राजन दुष्यंत ने बताया कि वांछित अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के निर्देशन एंव वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व मे थाना प्रागपुरा पर गठित टीम ने प्रकरण मे मेहनत व लगन से कार्य करते हुए आसूचना संकलन कर प्रकरण मे फरार चल रहे अभियुक्तों कैलाश चंद पुत्र रूडा राम उम्र 56 साल निवासी चान्दोडीया तन बुचारा, ओमप्रकाश पुत्र कैलाश चंद उम्र 32 साल निवासी चान्दोडीया तन बुचारा, हंसराज पुत्र कैलाश चंद उम्र 30 साल निवासी चान्दोडीया तन बुचारा को गिरफ्तार करने मे सफलता अर्जित की। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि बाबूलाल निवासी बुचारा ने मामला दर्ज दर्ज करवाया था कि 30 अक्टूबर 2024 को अभियुक्त कैलाश चंद वगैरह ने परिवादी के परिवार पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया।

कोटपूतली। स्थानीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम 02 डॉ. अजय कुमार बिश्नोई ने वर्ष 2013 के कोटपूतली थाने के एक प्रकरण में अभियुक्तगण को दोष मुक्त कर दोषपूर्ण अनुसंधान करने वाले एवं न्यायालय के समक्ष लापरवाहीपूर्वक बयान देने वाले पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के आदेश दिये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 में 04 अगस्त को कोटपूतली थाने में कार्यरत तत्कालीन एएसआई राजेन्द्र कुमार ने झुंझुनु के नवलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खिरोड़ निवासी अभियुक्त राजू उर्फ राजकुमार से भारी मात्रा में शराब की कुल 744 बोतलें बरामद की थी। जिसका अभियुक्त के पास वैध लाईसेंस तथा परमिट का अभाव था। प्रकरण में सीकर के सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सवलपुरा निवासी अन्य अभियुक्त नारायण लाल जो कि शराब परिवहन किए जाने वाले बोलेरो पिकअप का पंजीकृत स्वामी के उक्त वाहन पर अन्य वाहन की पंजीयन प्लेट लगाई जाकर उपयोग में लिया जा रहा था। प्रकरण पंजीबद्ध होने के उपरांत अभियुक्तगण राजू उर्फ राजकुमार तथा नारायण लाल के विरूद्ध धारा 19ध्54, 54 क राजस्थान आबकारी अधिनियम एवं धारा 420,467,468,471,120 बी भारतीय दण्ड संहिता में आरोप पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

जिसकी सुनवाई करते हुये एसीजेएम क्रम 02 डॉ. अजय कुमार बिश्नोई ने प्रकरण में अभियुक्तगण को दोष मुक्त घोषित कर दिया है। न्यायालय ने हस्तगत प्रकरण को गंभीर कमियों से ग्रस्त बताते हुए प्रकरण के अनुसंधान अधिकारी एसआई अवतार सिंह तथा आरोप पत्र प्रस्तुतकर्ता तत्कालीन एसएचओ लक्ष्मीनारायण सैनी के द्वारा पुलिसकर्मियों की रवानगी एवं आमद से संबंधित दैनिक डायरी अथवा रोजनामचा आम की प्रमाणित प्रति आरोप पत्र में संलग्न नहीं किए जाने, कैरियर साक्षी को साक्ष्य सूची में सम्मिलित नहीं किए जाने, शराब के सैम्पल को एफ.एस.एल. में जमा करवाए जाने की रसीद प्रस्तुत नहीं किए जाने पर लापरवाहीपूर्वक अनुसंधान पूर्ण कर आरोप पत्र प्रस्तुत किए जाने के कारण उनके विरूद्ध कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस महानिदेशक, जयपुर को निर्देशित किया है। साथ ही न्यायालय द्वारा अपने निर्णय में यह भी अंकित किया गया है कि प्रकरण के मौतबीर साक्षीगण सुनील कुमार, रामनारायण, रामावतार तथा अनुसंधान अधिकारी अवतार सिंह के द्वारा न्यायालय के समक्ष लेखबद्ध प्रतिपरीक्षण में लापरवाहीपूर्वक कथन करते हुए प्रकरण में जप्तशुदा शराब की मात्रा, शराब की कम्पनी, शराब पर अंकित मार्क के संबंध में स्पष्ट शब्दों में अनभिज्ञता जाहिर की गई है। जबकि उक्त समस्त साक्षीगण पुलिसकर्मी है, जिनके द्वारा घोर लापरवाही एवं गैर जिम्मेदारी का परिचय देते हुए न्यायालय के समक्ष साक्ष्य प्रदत्त की गई है, इसलिए उक्त साक्षीगण द्वारा प्रदत्त साक्ष्य तथा अनुसंधान में रही कमियों के कारण अभियुक्तगण संदेह का लाभ प्राप्त करने के अधिकारी हुये है। न्यायालय ने प्रकरण के अनुसंधान अधिकारी एसआई अवतार सिंह, आरोप पत्र प्रस्तुतकर्ता तत्कालीन एसएचओ लक्ष्मीनारायण सैनी, कानि. सुनील कुमार, कानि. रामनारायण तथा कानि. रामावतार पुलिस थाना कोटपूतली के द्वारा किए गए दूषित अनुसंधान एवं न्यायालय के समक्ष साक्ष्य लेखबद्ध किए जाने में कारित घोर लापरवाही के संबंध में सामान्य नियम (दीवानी एवं दाण्डिक), 2018 के आदेश 35 के नियम 06 के अंतर्गत इस निर्णय की एक-एक प्रति जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस महानिदेशक को प्रेषित की जाकर उक्त पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा की गई कार्यवाही से न्यायालय को अवगत कराये जाने हेतु आदेशित किया है।

विधायक ने खैरथल मंडी का जायजा लिया

खैरथल। विधायक दीपचंद खेरिया ने खैरथल अनाज मंडी में संचालित हो रही प्याज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषि उपज मंडी सचिव सुरेंद्र सैनी सहित कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विधायक दीपचंद खेरिया ने कहा खैरथल में संचालित हो रही प्याज मंडी में किसानों की बंपर प्याज की आवक को देखते हुए किसानों एवं व्यापारियों को परेशानी नहीं हो इसके लिए व्यवस्थाओं को देखने पहुंचे हैं। विधायक ने निरीक्षण के दौरान व्यापारियों किसानों एवं पल्लेदारों से बात कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए मंडी सचिव को समाधान के लिए कहा।

विधायक ने कहा कि पहले किसान को प्याज बेचने दिल्ली जाना पड़ता था, खैरथल में प्याज मंडी बनने से किसानों को सहूलियत हुई है। किसानों का समय और पैसा दोनों की बचत हुई रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने कहा यहां पारदर्शी तरीके से खुले में बोली लगती है जबकि दिल्ली में ऐसा नहीं था।

विधायक खैरिया ने कहा प्याज मंडी के शुरू होने से किसानों के साथ मजदूर वर्ग को भी फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को यदि कोई समस्या हो अथवा कुछ और सुधार करना हो तो इसके लिए वो सुझाव दे सकते हैं।

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रेल्वे स्टेशन हिण्डौन सिटी (करौली)
क्रमांक-947 दिनांक:03.12.2024
आम सूचना-नीलामी संशोधन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्थानीय विद्यालय में दिनांक 13.12.2024 को प्रात: 10.30 बजे विभागीय नीलामी समिति की उपस्थिति में विद्यालय में प्रयुक्त किये जाने वाले लोहे, लकडी, प्लास्टिक, गत्त एंव रद्दी आदि सामान जो नकारा/अनुपयोगी घोषित किया जा चुका है कि नीलामी की जानी है।
इच्छुक जीएसटी धारक फर्म/व्यक्ति नियमानुसार राशि जमा कराकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

सूचना
ओमप्रकाश मीना पुत्र श्री नाथू लाल मीना ग्राम सांचोली तहसील बामनवास जिला गंगापुर सिटी आपको सूचना दी जाती है कि दिनांक 06.04.24 को एक इकारारनामा निष्पादित किया गया था। जिसके तहत आराजी खसरा संख्या 415, मिर्जापुर, अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज के पास, जयपुर रोड, गंगापुर सिटी राजस्थान में मकान दो मंजिला पुख्ता बना हुआ है, बकाया राशि निश्चित दिनांक पर व अंतिम रूप से दिनांक 30.09.24 तक अदा करने का इकरार किया था। दिनांक 30.09.24 तक बकाया राशि अदा नहीं करने के कारण उक्त इकरारनामा स्वत ही निरस्त समझा जावे और आपके द्वारा अदा की गई साईपेटे राशि जब्त समझी जावे। उक्त भूखंड को किसी दीगर को बेचने के लिए स्वतंत्र हूं। जरिए ब्रह्मानंद शर्मा पुत्र स्व श्री बदरी लाल शर्मा निवासी अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज के पास, गंगापुर सिटी जिला गंगापुर सिटी

सूचना
ओमप्रकाश मीना पुत्र श्री नाथू लाल मीना ग्राम सांचोली तहसील बामनवास जिला गंगापुर सिटी आपको सूचना दी जाती है कि दिनांक 06.04.2024 को एक इकारारनामा निष्पादित किया गया था। जिसके तहत आराजी खसरा संख्या 413/3, मिर्जापुर, जयपुर रोड, गंगापुर सिटी में एक भूखंड आपको विक्रय करने का इकरार किया था। बकाया राशि निश्चित दिनांक पर व अंतिम रूप से दिनांक 30.09.2024 तक अदा करने का इकरार किया था। दिनांक 30.09.2024 तक बकाया राशि अदा नहीं करने के कारण उक्त इकरारनामा स्वत ही निरस्त समझा जावे और आपके द्वारा अदा की गई साईपेटे राशि जब्त समझी जावे। उक्त भूखंड को किसी दीगर को बेचने के लिए स्वतंत्र हूं जरिए ब्रह्मानंद शर्मा पुत्र स्व श्री बदरी लाल शर्मा निवासी अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज के पास, गंगापुर सिटी जिला गंगापुर सिटी

बीसीएमओं ने स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया

कोटपूतली। राज्य सरकार के आदेशानुसार बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर व बीपीओ विजय तिवाड़ी ने सघन निरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनमं उप स्वास्थ्य केन्द्र सरूण्ड, पीएचसी कल्याणपुरा कलां व शुक्लावास का निरीक्षण किया। इस दौरान टीकाकरण, आभा आई.डी., ई.के.वाई.सी., साफ-सफाई, ओपीडी, दवा वितरण, वार्ड समेत अनेक व्यवस्थाओं की जांच की।

साथ ही सीएचओ, एएनएम व आशाओं को नियमित रूप से लक्ष्य आवंटित कर आभा आई.डी. बनाने के निर्देश प्रदान किये। पीएचसी शुक्लावास पर सैक्टर बैठक में सम्मलित होकर सांस अभियान के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि यह अभियान 28 फरवरी 2025 तक चलाया जावेगा। अभियान के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया के लक्षणों के आधार पर पहचान की जायेगी जैसे तेज सांस की गतिध्तीव्र श्वसन दर, पसलियां चलना व सांस लेने में परेषानी होना आदि लक्षणों के आधार पर पहचान कर, सिरप एमोक्सिसिलीन की प्री-रेफरल खुराक (मात्र एक खुराक देकर) का उपयोग कर तुरन्त चिकित्सा संस्थान पर रेफर किया जावेगा, रेफरल के पश्चात् फॉलोअप किया जावेगा। बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर सीएचसी एवं पीएचसी पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन 15 से 31 जनवरी तक किया जायेगा।



स्वास्थय केन्द्रों का निरिक्षण करते बीसीएमओ।

भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन

पावटा। प्रागपुरा में भाजपा बूथ स्तरीय समिति का गठन करने के लिये बुधवार को कार्यकर्ताओं की बैठक जिला प्रभारी बलबीर विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में और मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बलबीर विश्नोई ने कहा कि इस अभियान को पर्व की तरह आयोजित करना है। बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं को जोडकर मजबूत संगठन खड़ा करना है। यह पर्व चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिये मनाया जा रहा है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न दायित्वों का निर्धारण किया जाना है।

मंच का संचालन पूर्व जिला पार्षद भाजपा नेता ललित गोयल ने किया। बैठक को जिला देहात के उत्तर के प्रभारी सतवीर यादव संगठन पर्व प्रागपुरा मंडल के प्रभारी एडवोकेट सुरेंद्र चौधरी,भाजपा सदस्यता अभियान के प्रभारी रोहतास ताखर मंडल महामंत्री मुखराम धनकड़ और भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज नारायण शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रागपुरा के सात बूथों के अध्यक्षों का चयन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, श्योपाल राठी, जीएसएस प्रागपुरा चेयरमेन उपेन्द्र सिंह शेखावत, दिलीप गोयल, प्रमोद शर्मा, ख्यालीराम जाट, मुकेश भारद्वाज, शक्ति सिंह शेखावत, मनोज सैनी, कमलेश सैन, सतीश पारीक, बंसी मेहरा, महेश धानका, ओमप्रकाश कुमावत, झाबर स्वामी, मनोज चावला, शंकर पारीक, मिंटू शर्मा, मुजीब खान, पप्पू स्वामी, सुरेश सैनी, नरेश स्वामी, पप्पूराम जाट, राजू सैनी, रामनिवास सैनी, पुष्पेंद्र सिंह शेखावत, वसीम खान, गुलाम हुसैन, शहजाद लुहार, छाजूराम जाट, नजमुद्दीन, सुरेश जोशी, जयप्रकाश जोशी, मुकेश मेहरा, रामकिशन मेहरा, प्रहलाद सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत सखबारा, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)
क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.सं./2024/14-15 दिनांक: 03.12.2024
ई-निविदा सूचना 03/2024-2025
ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में स्वीकृत 02 कार्य नवीन ऑगनबाडी भवन निर्माण कार्य चुन्नापुरा तथा नवीन ऑगनबाडी भवन निर्माण कार्य रमगढा अनुमानित लागत 20.00 लाख के संकर्म सम्पादन हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 13.12.2024 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH24WSRC00546 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।
सरपंच ग्राम पंचायत सखबारा
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सखबारा

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के विरोध में सर्व हिंदू समाज का प्रदर्शन

चाकसू। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के विरोध में सर्व हिंदू समाज की ओर से कस्बे के कोटखावदा मोड अंबेडकर सर्किल पर जोरदार प्रदर्शन किया। नारेबाजी एवं हिंदू जनप्रतिनिधि की ओर से लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए उपखंड अधिकारी को प्रधानमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता भी वहां मौजूद रहे। बलराम शर्मा धर्माचार्य प्रमुख विश्व हिंदू परिषद चाकसू ने बताया कि बांग्लादेश के अंदर कुछ साधु संतों की गिरफ्तारियां हो रही हैहिंदू आस्था के बिंदु मठ मंदिर तोड़े जा रहे हैं।

हिंदुओं की हत्याएं हो रही है माताएं बहने के साथ दुष्कर्म जैसी घटना हो रही है। इसके लिए पूरे विश्व के अंदर निवास करने वाला हिंदू समाज आज आक्रोशित है। सर्व हिंदू समाज के बैनर तले पूरे हिंदू समाज इक्कट्ठा होकर उपखंड अधिकारी अधिकारी को ज्ञापन दिया गया हैंहिंदू समाज को एकजुट किया जा रहा है, जिससे उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाए। समय बांग्लादेश भुखमरी के कगार पर था तो इस्कॉन के अध्यक्ष स्वामी चिन्मय दास कई देशों से चंदा लेकर बांग्लादेश का सहयोग किया और आज बांग्लादेश उन्हीं को गिरफ्तार करके हिंदुओं का दमन करने की नीति अपना रहा है इसलिए विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन सकल हिन्दू समाज चाकसू द्वारा किया गया विशाल धरना प्रदर्शन का प्रारम्भ अम्बेडकर सर्किल स्थित बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया इसके पश्चात हिन्दू समाज के प्रमुख, प्रबुद्धजनों ने बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओ पर अत्याचार को मंच पर आकर अपने वक्तव्य से भर्त्सना की और हिन्दू समाज को संगठित रहने का आव्हान किया। सबने कहा की हिन्दुओ के कारण ही हिन्दुस्तान है यदि हिन्दू बंटेगा तो देश कटेगा जैसे बांग्लादेश अलग हुआ पाकिस्तान अलग हुआ अत: हम सब हिन्दुओ को जातियों में न बंटकर एक रहना है।

हिन्दू समाज ने प्रदर्शन करने के बाद उपखंड अधिकारी को प्रधानमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

!! कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला करौली (राज.) !!
क्रमांक:-सामा शाखा/2024/5038-80 दिनांक: 04.12.2024
नीलामी निविदा सूचना
सर्व साधारण/कवाडियों को सूचित किया जाता है कि 38 पुलिस एक्ट में जप्तशुदा वाहनों (दोपहिया/टेक्टर की ट्रॉली) की आर.पी.आर. 2008 के नियम 8 के उप नियम 5 के अनुसार नीलामी की जानी है। जिसमें इच्छुक निविदा दाता अपनी अधिकतम बोली लगाकर जप्त वाहनों को प्राप्त कर सकेगा। उक्त वाहनों की निलामी दिनांक 13.12.2024 को पुलिस थाना कोत. करौली व दिनांक 16.12.2024 को पुलिस थाना कोतवाली हिण्डौन सिटी एवं दिनांक 17.12.2024 को पुलिस थाना सपोटरा में की जावेगी। नीलामी की कार्यवाही निम्नानुसार की जावेगी। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

क्र. स.	विवरण	नीलामी स्थल	निविदा की अनुमानित राशि	धरोहर राशि
1	14 नग मोटर साईकिल थाना कोतवाली करौली	थाना कोतवाली करौली	390800/-	7800/-
	04 नग मोअर साईकिल (थाना कैलादेवी)			
	03 नग मोटर साईकिल (थाना कुडगांव)			
	52 नग मोटर साईकिल (थाना कोतवाली हिण्डौन सिटी	थाना हिण्डौनसिटी		
5	02 नग टेक्टर की ट्रॉली (थाना सपोटरा)	थाना सपोटरा		

(बृजेश ज्योति उपाध्याय)
जिला पुलिस अधीक्षक, करौली

संक्षिप्त

महिला नसबन्दी कैंप का आयोजन

गोविंदगढ़ /अलवर । गोविंदगढ़ कस्बे के राजकीय हॉस्पिटल में 4 दिसंबर बुधवार को महिला नसबंदी कैंप का आयोजित हुआ जिसमें 56 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें से तीन रजिस्ट्रेशन कैंसिल हुए 53 महिलाओं का नसबंदी का सफल ऑपरेशन किया गया अलवर की टीम द्वारा यह महिला नसबंदी ऑपरेशन किए गए डॉक्टर मनमोहन (सर्जन) द्वारा ऑपरेशन किए गए डॉक्टर एन.के अग्रवाल गोविंदगढ़ सीएचसी द्वारा यह जानकारी दी गई परंतु गोविंदगढ़ सीएचसी में व्यवस्थाओं का अभाव रहा महिलाओं को जमीन पर लेटने को मजबूर महिला परेशान थी परंतु उनकी सुनने वाला कोई नहीं था ना बेड की व्यवस्था न पीने के पानी की व्यवस्था बरामदे में लिटा दिया क्षेत्रीय विधायक सुखवंत सिंह द्वारा निरीक्षण किए जाने के बावजूद भी सीएचसी गोविंदगढ़ का हाल बेहाल है।

बाइक व ट्रेलर में भिड़ंत होने से बाइक सवार घायल

मनोहरपुर। थाना इलाके के दोसा मोड़ के पास बुधवार दोपहर 2 बजे एक बाइक ओर ट्रेलर में भिड़ंत होने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए निम्स चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि एक ट्रेलर पावटा से माल भरकर गुजरात जा रहा था इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग दोसा पुलिया के पास एक बाइक से टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार माम टोरी कला निवासी जयराम मीणा पुत्र रूडाराम मीणा गंभीर रूप से घायल हो गया मामले की सूचना पर एएसआई जयप्रकाश मय जाप्ता मौके पर पहुंचे ।

बी.ए.पार्ट द्वितीय सेमेस्टर तृतीय के मिड टर्म आज से

कोटपूतली। राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में बी.ए.पार्ट द्वितीय सेमेस्टर तृतीय के मिड टर्म गुरूवार से प्रारम्भ होगें। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि गुरूवार से बी.ए. पार्ट द्वितीय सेमेस्टर तृतीय के मिड टर्म की परीक्षायें होगी। बी.एससी., बी.कॉम. पार्ट द्वितीय सेमेस्टर तृतीय के मिड टर्म की परीक्षायें शुक्रवार से होगी। परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मलित नहीं किया जायेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यार्थी की होगी।

दो सड़कों का शिलान्यास व लोकार्पण आज

सिकराय। विधायक विक्रम बंशीवाल गुरुवार को सिकंदरा में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास व पिलोडी में सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। विधानसभा संयोजक रामोतार कसाना ने बताया कि विधायक विक्रम बंशीवाल सिकंदरा चौराहे पर दोपहर 1 बजे 15 करोड़ रुपयों की लागत से निर्माण होने वाले सड़क निर्माण कार्य सिकंदरा से वाया गीजगढ़ गेरोटा सड़क निर्माण का शिलान्यास करेंगे व 2 बजे पिलोडी से आसतवाड़ा मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे।

शहीद आश्रित को सौंपा 5 लाख रुपए का चेक

कोटपूतली। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने आज अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय में शहीद आश्रित श्रीमती कैलाश देवी पत्नी शहीद रविन्द्र कुमार यादव ग्राम नांगल मेहता, पोस्ट कन्हावास,थाना मंधन तह-नीमराना जिला-कोटपूतली-बहरोड को मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत किए गए 5 लाख का चेक शहीद के अश्रित को सोपा गया अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण ने चेक प्रदान कर शहीद आश्रित परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुख्य सदर बाजार में नालिया अवरूध

सावरदा । सावरदा गांव में स्थित पुराने सदर बाजार में सफाई व्यवस्था नही होने स नालियो का गंदा पानी सड़क मार्ग पर पुरी तरह से फैल गया है । जिसके चलते पैदल राहगीरो का इस मार्ग से निकलना दुर्भर हो चुका है , करीब एक माह से बाजार में गंदा पानी व किचड़ फैला होने के बावजुद प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है , जिसको लेकर व्यापारी वर्ग व ठाकुर जी सहित शनि देव तथा देव नारायण मंदिर में दर्शनार्थ आने जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है ।

उपजिला अस्पताल पावटा स्थानांतरण के खिलाफ धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

पावटा। कस्बा पावटा में मंगलवार को जनप्रतिनिधियों व आमजन ने बजट मे उपखंड स्तर पर ग्राम पावटा तहसील पावटा मे स्थित पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपजिला अस्पताल मे क्रमोंन्नत होने के बाद उसे ग्राम लाडाकाबास मे स्थानांतरित किए जाने के विरोध मे कस्बे मे होली चौक, सुभाष चौक होते हुये पैदल मार्च करते हुए उपजिला अस्पताल बचाओ के नारे लगाते हुए पावटा उपखंड कार्यालय के बाहर लगे धरना स्थल पर पहुँचे। पावटा में स्थित उपजिला अस्पताल को ग्राम लाडाकाबास स्थानांतरित किया जाएगा। इस बदलाव के खिलाफ जनप्रतिनिधि व आमजन सहित विभिन्न संगठन विरोध जता रहे हैं। इस दौरान सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड, सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला, किसान नेता श्योनाथ सैनी, सुरेश शर्मा

स्थानांतरित किए जाने के विरोध मे कस्बे मे होली चौक, सुभाष चौक होते हुये पैदल मार्च करते हुए ।

सहित वक्ताओ ने बताया कि पावटा उपजिला अस्पताल राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर ही पावटा कस्बे मे स्थित है। जिससे हर कोई आसानी से इलाज के लिए पहुँच जाता है।

ग्राम लाडाकाबास में उपजिला अस्पताल के संचालन होने के बाद से शहर की आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लबी दुरी तय करके जाना पडता है। मरीजों को लाडाकाबास जाने के लिए आवागमन के साधन महंगे हैं, जो आम आदमी की पहुंच से बाहर है। वही

- **6 किलोमीटर दूर लाडाकाबास जाना महिलाओं के लिए असुरक्षित**

गर्भवती महिलाओं को बेहद कठिनाइयों का सामना करना पडेगा। महिलाओं का कहना है कि अगर उपजिला अस्पताल पावटा मे ही बनता है तो मरीज अस्पताल में भर्ती होता है और रात मे भी उसके साथ कोई पुरूष भी साथ नहीं हो तो कोई दिक्कत नही है। लाडाकाबास जाने से रात के समय अकेले इतनी दूर बाहर जाने में महिलाओं को डर लगता है। उन्होंने आमजन की सुविधाओं को देखते हुए उपजिला अस्पताल पावटा को यथावत रखने को लेकर सरकार का ध्यानाकर्षण की बात कही। इस मौके पर किसान नेता रामावतार गढवाल, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहरसिंह धनकड, युवा समाजसेवी ओपी बायला, पंडित सुरेश शर्मा, करतार सिंह शेखावत, अर्जुन यादव, रूपसिंह शेखावत, त्रिलोक आर्य, नंच्छी देवी, गंगा देवी, शहीदा बानो, कमला देवी, मंजू देवी, सुशीला देवी, कृष्णा देवी, सविता देवी, प्रकाश यादव, जितेंद्र यादव, राजू यादव, सुनील आर्य, गणेश सैनी, रवि सैन, पूरण गुर्जर, दिनेश गुर्जर, कैलाश यादव, विकास वर्मा, हनुमान यादव, हवलदार विजय राठी, शिवकरण यादव, अशोक आर्य, नरेन्द्र बाकोलिया, विजेश मुहानियाँ, अंकित वर्मा, हेमन्त कुलदीप, भूपेंद्र, दाताराम यादव, रमेश यादव, सुजातगर सरपंच हरिराम, सुदरपुरा सरपंच उमेश यादव, शंकर धनकड, सीताराम सिंघल, माली देवी, धोली देवी, मूलचंद विष्णु इंदौरिया, सहित बडी संया मे ग्रामीण व महिला शक्ति मौजूद रही।

बैठक आयोजित

दूदू । जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई । बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभागीय कार्यों की प्रगति सहित राज्य सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान बैठक में दूदू उपखंड अधिकारी योगेश सिंह, नगर परिषद आयुक्त वीरेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रेणु तँवर, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक केके मंगल, उद्यानिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ पीसी वर्मा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता जे पी बैरवा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता गुरुशरण वर्मा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अवैध हथियार व हथकड शराब के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

टोंक। निवाई थाना क्षैत्र में थाना पुलिस ने झिलाई रोड स्थित रिया कम्प्यूटराईज्ड ईलर धर्मकांटा से लोहे के बाट चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

निवाई वृताधिकारी मृत्युजंय मिश्रा व थानाधिकारी हरिराम वर्मा द्वारा गठित विशेष दल ने थाना क्षैत्र में चोरी करने वाले आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए गत 14 नवम्बर को कस्बा निवाई में स्थित रिया कम्प्यूटराईज्ड ईलर धर्मकांटा से लोहे के बाट चोरी करने वाले आरोपी बुद्धिप्रकाश गुर्जर उर्फ चन्द्रमोहन पुत्र रामरख उम्र 21 साल निवासी किशोरपुरा दत्तवास कसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार निवाई थाना क्षैत्र के शिवाजी पार्क के पास से अवैध हथियार एक धारधार छुर्रा लेकर घुमते हुए युवक सुफियान पुत्र अब्दुल कुरैशी उम्र 35 साल निवासी टालवानो का

चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

मोहल्ला निवाई को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया। इसी क्रम में निवाई के ग्राम खण्डेवत रोड कच्ची बस्ती से हथकड देशी शशराब परिवहन करते हुए रूशी पुत्र टिलू कुरैशी उम्र 28 साल निवासी वार्ड न. 4 नसिया कस्बा निवाई को गिरफ्तार किया।

संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ ने सौंपा ज्ञापन

मालपुरा। अखिल राजस्थान संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर महासंघ शाखा मालपुरा ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अमित कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंप राजकीय उपजिला अस्पताल बाली मे हुई घटना पर संवेदना व्यक्त कर मृतक के परिवारजनो को आर्थिक सहायता व सरकारी नोकरी की मांग से अवगत करवाया। सौंपे गये ज्ञापन मे बताया कि राजकीय उपजिला अस्पताल बाली मे मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत संविदा मशीनविदमेन के पद पर कार्यरत राजेन्द्र बैरवा को मानदेय नही मिलने के कारण आर्थिक तंगी से परेशान हो राजेन्द्र ने आत्महत्या कर ली। पूर्व मे संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटरो ने मानदेय की मांग को लेकर जरिये ई-मेल से सरकार को अवगत करवाया लेकिन सिवाय आश्वासन के कुछ नही मिला। मजबूरन राजेन्द्र को आत्महत्या जैसा कदम उठाना पडा।

अन्तरमहाविद्यालय खो-खो खेल का समापन

सांभरझील, (निसं)। राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांभर लेक में चल रहे राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा प्रायोजित अन्तरमहाविद्यालय खो-खो (महिला) प्रतियोगिता का समापन हुआ। शाम के सत्र में प्रथम क्वार्टर फाईनल एस.बी.एन. कॉलेज और महारानी कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें एस.बी.एन. कॉलेज विजेता रही। द्वितीय क्वार्टर फाईनल एस.जी. कॉलेज गुलाब

- **प्रथम क्वार्टर फाईनल एस.बी.एन. कॉलेज और महारानी कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें एस.बी.एन. कॉलेज विजेता रही**

बाड़ी व राजकीय महाविद्यालय किशनगढ़ रेनवाल के बीच खेला गया जिसमें एस.जी. कॉलेज गुलाब बाडी विजेता रही। तृतीय क्वार्टर फाईनल कानोडीया कॉलेज और सांभर महाविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें सांभर कॉलेज विजेता रही। चतुर्थ क्वार्टर फाईनल अलंकार कॉलेज

सांभर महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ।

जयपुर और महात्मा गांधी महुआ कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें अलंकार कॉलेज विजेता रही। आज प्रथम सेमीफाईनल मैच एस.बी.एन. कॉलेज और अलंकार कॉलेज के बीच में खेला गया जिसमें एस. बी.एन. कॉलेज विजेता रही।

द्वितीय सैमीफाईनल सांभर कॉलेज और एस.जी. कॉलेज गुलाब बाड़ी के बीच खेला गया जिसमें सांभर कॉलेज विजेता रही। फाईनल मैच एस.बी.एन. कॉलेज और सांभर कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें श्री भवानी निकेतन कॉलेज जयपुर विजेता और सांभर कॉलेज उपविजेता रही। मैच के बाद समापन समारोह के मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा देते हुए खेलो के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रशासनिक अधिकारी सत्यनारायण सांमरिया ने बताया कि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को ट्राफी एवं मेडल प्रदान किये गये। प्राचार्य द्वारा भी विद्यार्थियों को खेलों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अन्त में डॉ. सुरेन्द्र सिंह राठौड़, शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक एवं आयोजन सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

जल जीवन योजना के तहत दो साल बाद भी नही बनी टंकी

अलवर। अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सावड़ी में जल जीवन मिशन योजना पूरी तरह धाराषाही हो चुकी है ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है वही अभी तक ठेका लेने वाली कंपनी ने दो साल बाद भी सिर्फ टंकी का स्टेक्चर ही खडा किया जिसके सरियों में भी जंग लग चुकी है। इस कार्य की देखरेख करने वाले जलदाय विभाग के अधिकारी बेखबर है क्या ऐसे ही चल पाएगी राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर घर जल मिशन योजना जिसका कोई धणी धोरी नही है।

अलवर ग्रामीण विधानसभा के सावड़ी गांव तहसील अलवर में जल जीवन मिशन के तहत यह योजना 9 दिसंबर 2022 को आरंभ की गई और इसकी कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 मई 2023 सरकार द्वारा निश्चित की गई। योजना की स्वीकृत राशि 218.00 लाख थी एवं कार्यदेष राशि 188.32 लाख थी। जिसमें 2 ट्ययूबवेल,11900 मीटर पाइप लाइन डालते हुए 491 नल कनेक्शन करने एवं टंकी का निर्माण करना था। सरकार की तरफ से यह टेंडर मै.संजीव ब्रोदर्स, सी-10 वैशाली नगर जयपुर को दिया गया। साथ ही इस कार्य की प्रगति और देखरेख के लिए सरकार ने वीडब्लूएससी अध्यक्ष सावड़ी की सरपंच अनसब को नियुक्त किया तो देखरेख की जिम्मेदारी अधिशासी अभियंता जन स्वा.अभि.विभाग ग्रामीण खण्ड प्रथम अलवर, हसन खां मेवात नगर अलवर एवं इनके सहयोग हेतु सहायक अभियन्ता और कनिष्ठ अभियन्ता को लगाया लेकिन सब बेकार साबित हुआ।

ठेकेदार ने निर्माण कार्य के लिए रोडी, सरिया आदि लाकर तो डाल दिए और टंकी का स्टेक्चर भी तैयार करवा दिया लेकिन उसके बाद ठेकेदार फर्म गायब हो गई यहां पडे सरियों में जंग लग चुका है रोडिया बिखरी पड़ी है तो टंकी का बना स्टेक्चर पूर्णत खराब हो चुका है। सरपंच ने अनेको बार अधिकारियों से इस बारे में शिकायत भी लेकिन अधिकारियों ने आज तक इस और कोई रूख नही किया है जिससे साफ जाहिर है कि यहां सरकार की इस योजना को पलीता लग चुका है और ग्रामीणों को आगे आने वाले दिनों में बूंद-बूंद पानी के लिए फिर तरसना पड़ेगा या फिर लम्बी दूरी तय करके पानी लाना पडेगा।

इस इस संदर्भ में जलदाय विभाग के एईएन बरकत खान से बात की तो उन्होंने यह कहते हुए फोन काट दिया वे इस समय कलक्टर के पास मीटिंग में है बाद में बात करेगे।

'बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग करे'

अलवर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. के.के मीणा, डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. महेश बैरवा, आरसीएचओ डॉ. मंजू शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक डॉ. छबील कुमार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ को निर्देश दिये कि जिले में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करें। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में क्रियान्वित करावे। जिले की विभिन्न बिन्दुओं में रैंकिंग में सुधार करें। इसमें लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में

अलवर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक लेते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

लाए। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के शेष ई-केवाईसी के व कार्ड वितरण कार्य को आगामी 15 दिवस में मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि योजना के तहत चिकित्सा संस्थानों में रोगियों के उपचार में अधिकाधिक क्लेम बुक करे, ताकि रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके तथा संबंधित चिकित्सा संस्थान को बुक क्लेम की राशि प्राप्त हो सके।

जिला कलेक्टर ने जिले में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने पर जोर देते हुए जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि इस कार्य हेतु साप्ताहिक रूप से आशा सहयोगिनियों की बैठक लेवे। इसकी ब्लॉकवार प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिये कि बीसीएमओ अपने-अपने चिकित्सा संस्थानों की

- **शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग करने, जिले को टीबी मुक्त करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक की कार्य योजना बनाए जाने के दिए निर्देश**

निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए जीरो डिलीवरी वाले चिकित्सा संस्थानों को नोटिस जारी कर वहां पर डिलीवरी करवाया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को कहा टीकाकरण कार्य को निर्धारित लक्ष्यानुरूप कार्य पूर्ण करावे। उन्होंने मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के अन्तर्गत जिले की रैंकिंग का फीडबैक लेते हुए निर्देशित किया कि योजना की रैंकिंग सुधारने हेतु कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को पाबन्द करें कि समयबद्ध रूप में एंट्री करावे।

सोनोग्राफी मशीन जब्त

जयपुर । राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की टीम ने जयपुर के गोविन्दगढ़ में भोमियों की ढाणी, ग्राम अनन्तपुरा के एक खेत में पड़ी हुई अवैध पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन जब्त की है। अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि मुखबिर के माध्यम से ग्राम अनन्तपुरा, गोविन्दगढ़ के भोमियों की ढाणी डॉ. बी.एल. मील हॉस्पिटल परिसर स्थित खेत में एक कट्टे में अवैध पोर्टेबल मशीन पड़ी होने की सूचना मिली।

सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीसीपीएनडीटी ब्यूरो डॉ. हेमन्त जाखड़ ने मय टीम मौका मुआयना किया। मौके पर ही संबंधित उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय को बुलाया। इसके बाद टीम ने मौके से अपंजीकृत अवैध पोर्टेबल मशीन जब्त कर ली है। उन्होंने बताया कि इस अवैध मशीन के बारे में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

सार-समाचार

क्षतिग्रस्त विद्युत खम्भों को हटाने की मांग

सांभरझील, (निसं)। यहां के विद्युत निगम में सिस्टम का नकरापन कई सालों से बना हुआ है। खुद की संपत्ति की देखभाल करने के बजाय उल्टा आम जनता के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम कर दे तो इससे ज्यादा और घोर लापरवाही नहीं देखी जा सकती, इस पर भी खास बात तो यह है कि जिन नेताओं के जिम्मे आम जनता की सहूलियत का ख्याल रखना और विकास के कदम उठाना होता है, उनका तो खुद का ही राजनीतिक सिस्टम ठप्प पड़ा है। ऐसे में सवाल यह उठा है कि सांभर शहर के अनेक गली मोहल्लों, सड़क के किनारे काफी संख्या में विद्युत के जर्जर पोल 80 से ज्यादा नीचे से डैमेज हो चुके हैं। कुछ गिरने के कगार पर हैं तो कुछ कभी भी गिर सकते हैं। यदि गंभीर हादसा होने पर जन हानि होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा यह यहां के अभियंताओं के संज्ञान में नहीं आ रहा है। पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन मंसूरी, समाजसेवी राजेंद्र कश्यप, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल, भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुस्तकीम खान इन इन जर्जर पोलो को लेकर बेहद चिंतित है, कई दफा निगम के कार्मिकों और अधिकारियों को भी अवगत करवा चुके हैं लेकिन लगता है इन अधिकारियों ने इस महत्वपूर्ण बात को भी इग्नोर कर दिया है। बता दें की अनेक खभों की स्थिति बेहद नाजुक है और कई पोल नगर पालिका की नालियों में फंसे हुए हैं और कई लोहे के खंभे जमीन से ऊपर लटक गए हैं, जिम्मेदार प्रशासन को चाहिए कि इस संबंध में तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर आम जनता की सुरक्षा का माकूल इंतजाम करें।

कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया शुरू

कोटपूतली। अभिभाषक संघ कोटपूतली के वार्षिक चुनाव 2024-25 हेतु नामांकन प्रक्रिया बुधवार को शुरू हो गई। मुख्य चुनाव अधिकारी जितेन्द्र कुमार रावत ने जानकारी देते हुये बताया कि संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु 10 वर्ष का अनुभव एवं 04 हजार रूपये अमानता राशि, वहीं उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु 07 वर्ष का अनुभव एवं 03 हजार रूपये की अमानता राशि रखी गई है। नामांकन प्रक्रिया बुधवार 04 दिसम्बर से शुरू होकर आगामी 06 दिसम्बर तक जारी रहेगी। नामांकन पत्रों की जाँच 07 दिसम्बर को प्रातरू11 बजे तक कर दोपहर 03 बजे तक नाम वापस लिये जायेगें। जिसके बाद अन्तिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन किया जायेगा। चुनाव हेतु मतदान 13 दिसम्बर को प्रातरू 10 से सायं 04 बजे तक होगें। जिसके बाद मतगणना कर चुनाव परिणाम घोषित किया जायेगा। अध्यक्ष पद पर चार नामांकन - बुधवार को अध्यक्ष पद पर राजाराम रावत, अशोक कुमार यादव, रंजीत सिंह वर्मा, उदयसिंह तंवर व उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक अग्रवाल, राजाराम रावत, राकेश कुमार बडकोदिया, रंजीत सिंह वर्मा के द्वारा नामांकन दाखिल किये गये एवं सचिव पद पर अंकित स्वामी, पंकज शर्मा एवं राकेश कुमार बडकोदिया ने नामांकन दाखिल किया। कोषाध्यक्ष पद पर कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ।

योजनाओं को लेकर किया जागरूक

चौरु/उनियारा। उपखंड ग्राम पंचायत पचाला के बस स्टैंड पर बुधवार को चौरु यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ग्रामीणों को जागरुक कर योजनाओं के बारे में जानकारी दी। चौरु यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक परशुराम मीणा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन बैंक द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं को लेकर बैंक के ग्राहकों को प्रधानमंत्री जीवन योजना,ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना अन्य कई प्रकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जिससे ग्रामीणों को लाभ मिल सके जिससे योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। चौरु यूनियन के शाखा प्रबंधक मीणा ने जानकारी में यह भी बताया कि एफडी की समय अवधि कुछ दिनों से लेकर साल तक हो सकती है। एक बार जब आप अपने बैंक में जमा कर देते हैं, तो यह जमा की अवधि के आधार पर ब्याज अर्जित करना शुरू कर देता है।आरडी एक सावधि जमा है जहां आप नियमित रूप से,आमतौर पर मासिक आधार पर एक निश्चित राशि जमा करते हैं तो यह नियमित बचत को प्रोत्साहित करता है और नियमित बचत खाते की तुलना में अधिक ब्याज प्रदान करता है। शाखा प्रबंधक ने योजनाओं और खाते के बारे में अन्य जानकारी दी। चौरु यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक परशुराम मीणा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सेवा सभी ग्राहकों को हर समय इसका लाभ मिल सके। इस दौरान चौरु यूनियन बैंक हैड कैशियर मुनीराम मीणा,बीसी संचालक मुरारी लाल सैनी,विनोद जांगिड़ सहित कई ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

एथलीट प्रतियोगिता में कांस्य पदक

गोविंदगढ़ /अलवर। राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 3 दिसंबर से 5 दिसंबर तक र कॉलेज अलवर में आयोजित हो रही है इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ की छात्रा कोमल जोरवाल ने 20 किलोमीटर पैदलचाल प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन कियाप्राचार्य डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि मत्स्य विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 100 मी, 400 मीटर रिले दौड़, जैवलिन थ्रो तथा 20 किलोमीटर पैदल चल प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसमें 20 किलोमीटर पैदल चाल प्रतियोगिता में एम. ए. प्रीवियस की छात्रा कोमल जोरवाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया तथा 400 मीटर रिले दौड़ में छात्राएं एक सेकंड के अंतराल से पदक जीतने से वंचित रह गई इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल प्रभारी प्रदीप कुमार महोलिया तथा सभी कार्मिक हिमांशु अवस्थी, राखी जैन, लक्ष्मी नारायण मीणा, कोमल मीणा,पूरण जी, राजेश जी, शूरवीर जी, बलविंदर जी, ने खुशी जाहिर की।

पुलिस थाना स्थापित करने की मांग

नारायणपुर। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कराणा में पुलिस थाना स्थापित करने की मांग को लेकर बुधवार को सरपंच देवीसिंह के सानिध्य में दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक आवास ज्ञानपुरा पर बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत को गाँव कराणा में पुनः पुलिस थाना स्थापित करने के लिए ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में सरकार द्वारा पुलिस थाना बासदयाल का मुख्यालय ग्राम पंचायत कराणा में स्थानांतरित किए जाने कि प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिस पर पुलिस थाना ग्राम कराणा में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन में अस्थाई रूप से संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बाद गाँव कराणा में पुलिस थाना खोलने पर रोक लगा दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव कराणा में कॉलेज सहित अनेक शिक्षण संस्थाएं, चिकित्सा सुविधा और कोटपुतली, नारायणपुर, बानसूर, थानागाजी, विराटनगर, पावटा, शाहपुरा, जयपुर, दिल्ली के लिए रोड कनेक्टिविटी व यातायात के साधन सम्पन्न हैं। ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन देकर पुनः गाँव कराणा में पुलिस थाना खोलने की मांग की है। इस मौके पर कैप्टिन किशन सिंह, जगमोहन सिंह, गिरदारी सिंह, हेमराज जांगिड, बनवारी सैनी, महिपाल सिंह, चौथमल मेघवाल, बनवारी मेघवाल, गिर्राज सैनी, इन्द्राज सैनी, जयचंद सैनी, गजानंद शर्मा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

सपना का राष्टीय कार्यक्रम प्रेरणा में चयन

पावटा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुरा पावटा में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित प्रेरणा एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के कोटपूतली बहरोड जिले के प्रतिनिधि के रूप में कक्षा 12 की छात्रा सपना सैनी एवं मार्गदर्शक शिक्षिका के रूप में अर्पणा अग्रवाल का चयन हुआ। उनके समान व उत्साहवर्धन हेतु विद्यालय प्रधानाचार्य भागीरथमल कुलदीप द्वारा समान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य द्वारा इनको साफा व माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में जोधपुरा ग्राम सरपंच प्रहलाद मांठ, भूतपूर्व सरपंच बंशीलाल गेट, झांजूराम मौर्य, कल्याणसिंह शेखावत, मुकेश वर्मा, राकेश सामोता, मनोज स्वामी, विद्यालय प्रधानाचार्य भागीरथमल कुलदीप, उपप्राचार्य विक्रांत सिंह व समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक बजरंग सिंह शेखावत द्वारा किया गया।

अभद्र टिप्पणी करने पर युवक गिरफ्तार

